www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

2 हिंदी विरोध की खतरनाक राजनीतिः राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव पर भारी

मंडी सचिव पर अवैध वसूली का आरोप 04

वर्ष :09 | अंक :11 | मुंबई , बुधवार ,02 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## यूनेस्को की 40% साइटें पानी की कमी का कर रही सामना, ताजमहल का नाम भी शामिल

एक नए विश्लेषण से पता चलता है कि भारत सहित सभी गैर-समुद्री यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों में से 73% कम से कम गंभीर जल जोखिम (जल तनाव, सूखा, नदी या तटीय बाढ़) से ग्रस्त हैं, जिनमें से 21% को एक वर्ष बहुत अधिक पानी होने और दूसरे वर्ष बहुत कम पानी होने की दोहरी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विश्व संसाधन संस्थान के एक्वाडक्ट डेटा (जो एक जल जोखिम एटलस भी है) पर आधारित विश्लेषण में कहा गया है कि भारत में गंभीर जोखिम वाले स्थलों में ताजमहल, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिमी घाट, महाबलीपुरम में स्मारक समूह और महान जीवित चोल मंदिर शामिल हैं। यूनेस्को की लगभग 40% साइटें जल तनाव और सूखे से संबंधित समस्याओं का सामना कर रही हैं, और 33% और 4% नदी बाढ़ और तटीय बाढ़ के जोखिम का सामना कर रही हैं। पानी पृथ्वी के कुछ सबसे प्रिय स्थानों को प्रभावित कर रहा है। उदाहरण के लिए, ताजमहल को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है जो प्रदूषण को बढ़ा रहा है और भूजल को कम कर रहा है,

## भारतीय रेलवे ने लॉन्च किया रेलवन ऐप, एक प्लेटफॉर्म पर मिलेगी रेल से जुड़ी सारी सेवाएं

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवन मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया, जिसे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल सहायता और भोजन बुकिंग सहित कई सेवाओं तक सुविधाजनक पहुँच प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध इस ऐप का उद्घाटन सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान किया गया। रेल मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में रेलवन ऐप को सभी यात्री जरूरतों के लिए एक व्यापक समाधान बताया गया।

इसने इस बात पर प्रकाश डाला कि उपयोगकर्ता आरक्षित और अनारक्षित टिकटिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ और भोजन बुकिंग जैसी विभिन्न सेवाओं तक सीधे ऐप के माध्यम से पहुँच सकेंगे। संचार में यह भी कहा गया है कि इसमें माल ढुलाई पूछताछ की सुविधाएँ भी शामिल हैं। मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि ऐप का प्राथमिक उद्देश्य सरल और सहज इंटरफेस के माध्यम से उपयोगकताओं के अनुभव को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐप न केवल सभी सेवाओं को एक स्थान पर एकीकृत करता है, बल्कि यह उन सेवाओं के बीच एकीकृत कनेक्टिविटी भी प्रदान करता है

# देश में कहीं पर भी दर्ज हो एफआईआर, 3 साल में मिलकर रहेगा न्याय...

## नए अपराधिक कानूनों पर बोले अमित शाह

**उद्घाटन समारोह**

**शाह ने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इसके बाद देश के किसी भी कोने में एफआईआर दर्ज करें, आपको 3 साल के भीतर न्याय मिलेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा।**

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि तीन नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आने वाले दिनों में आपराधिक न्याय प्रणाली को बदल देंगे। आज इन तीन नए आपराधिक कानूनों के एक वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा कि इस प्रणाली के पूर्ण कार्यान्वयन में अधिकतम तीन वर्ष लगेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली के सामने सबसे बड़ी समस्या न्याय प्राप्त करने के लिए समयसीमा का अभाव है।

शाह ने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इसके बाद देश के किसी भी कोने में एफआईआर दर्ज करें, आपको 3 साल के भीतर न्याय मिलेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा। बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए ने क्रमशः औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली। नए कानून 1 जुलाई, 2024 को लागू हुए। गृह मंत्री ने तीनों कानूनों को स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा सुधार करार दिया और कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी अपराधी अपराध करने के बाद सजा से बच नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय निश्चित रूप से तय समय के भीतर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी सरकार, आपकी चुनी हुई सरकार ने आपके लिए कानून बनाए हैं। और यह आपके सभी अधिकारों की रक्षा करेगी। 1 जुलाई, 2024 से, सभी नई एफआईआर बीएनएस के तहत दर्ज की गईं। हालांकि, पहले दर्ज किए गए मामलों को उनके अंतिम निपटारे तक पुराने कानूनों के तहत ही चलाया जाता रहा। नए कानून आधुनिक न्याय प्रणाली लेकर आए, जिसमें जीरो एफआईआर, ऑनलाइन पंजीकरण जैसे प्रावधान शामिल हैं। शाह ने बताया कि इन कानूनों के लागू होने के साथ ही देशभर की न्याय व्यवस्था में 'जांच, सुनवाई और फैसले' की स्पष्ट समय-सीमाएं तय की गई हैं.




**1 जुलाई 2024 को लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानून**
- भारतीय न्याय संहिता
- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता
- भारतीय साक्ष्य अधिनियम

# जीएसटीआर्थिक अन्याय और कॉर्पोरेट भाईचारे का क्रूर हथियार

**देश के सबसे बड़े कर सुधारों में से एक, जीएसटी की शुरूआत ने भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को एक सुव्यवस्थित कर संरचना में एकीकृत करने में मदद की।**

## जीएसटी के आठ साल पूरे, बोले राहुल गांधी

**राहुल ने कहा कि भारत के सबसे बड़े रोजगार सृजक एमएसएमई को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। आठ साल पहले जीएसटी लागू होने के बाद से 18 लाख से अधिक उद्यम बंद हो गए हैं। नागरिक अब चाय से लेकर स्वास्थ्य बीमा तक हर चीज पर जीएसटी का भुगतान करते हैं, जबकि कॉरपोरेट सालाना 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर छूट का आनंद लेते हैं।**

एजेंसी

भारत सरकार द्वारा हर साल 1 जुलाई को मनाया जाने वाला जीएसटी दिवस, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के औपचारिक रूप से लागू होने की आठवीं वर्षगांठ का प्रतीक है। देश के सबसे बड़े कर सुधारों में से एक, जीएसटी की शुरूआत ने भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को एक सुव्यवस्थित कर संरचना में एकीकृत करने में मदद की। जीएसटी के शुभारंभ के दिन का उपयोग जीएसटी ढांचे के बारे में जागरूकता और अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। हालांकि, यह बात भी सही है कि कांग्रेस लगातार इसका विरोध करती रही है। आज एक बार फिर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसको लेकर सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि 8 साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है - यह आर्थिक अन्याय और कॉर्पोरेट भाईचारे का क्रूर हथियार है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया था। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एक अच्छा और सरल कर का वादा किया गया था। इसके बजाय, भारत को अनुपालन का दुःस्वप्न और पाँच-स्लैब कर व्यवस्था मिली, जिसमें 900 से अधिक बार संशोधन किया गया है। यहाँ तक कि कारमेल पॉपकॉर्न और क्रीम बन भी इसके भ्रम के जाल में फँस गए हैं। उन्होंने आगे लिखा कि नौकरशाही की भूलभुलैया बड़े कॉरपोरेट्स के पक्ष में है, जो



# बेंगलुरु भगदड़ के लिए ट्रिब्यूनल ने आरसीबी को ठहराया जिम्मेदार

## कहा- पुलिसकर्मी भी इंसान हैं भगवान नहीं

**कैट ने कहा कि इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों के एकत्र होने के लिए आरसीबी जिम्मेदार है। आरसीबी ने ही पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली। कैट ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा, अचानक उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया**

एजेंसी

बेंगलुरू। केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण यानी ट्रिब्यूनल ने मंगलवार को बीते 4 जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर विक्ट्री परेड के दौरान हुई भगदड़ के लिये रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जिम्मेदार ठहाराया है। ऐसे में अब आरसीबी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बता दें कि इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

कैट ने कहा कि जब 4 जून को समय की कमी के चलते पुलिस उचित व्यवस्था करने में असमर्थ जताई तो अचानक आरसीबी ने विक्ट्री परेड क्यों निकाला। पुलिसकर्मी भी इंसान हैं। वे न तो भगवान हैं और न ही जादूगर और न ही उनके पास अलाद्दीन का चिराग जैसी जादुई शक्तियां हैं जो केवल उंगली रगड़ने से किसी भी इच्छा को पूरा कर सकती हैं। जिसके परिणाम बता दें कि आरसीबी ने चार जून की सुबह की परेड और प्रशंसकों के कार्यक्रम के बारे में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया था और न्यायाधिकरण ने पाया कि पुलिस विभाग के पास इतने कम समय में इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त समय नहीं था।




# राष्ट्रपति मुर्मू ने आयुष विश्वविद्यालय का किया लोकार्पण

## कहा- पूरे विश्व में बज रहा भारत का डंका

एजेंसी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसेवा और समर्पण की प्रशंसा करते हुए मुर्मू ने कहा, योगी जी और उनके मंत्री जनता को हर सुविधा प्रदान करते हैं। इस विश्वविद्यालय के अधिकारियों, डॉक्टरों और नर्सों को भी निद्राजीत बनकर जनता की सेवा करनी होगी। महायोगी गुरु गोरखनाथ को नमन करते हुए उन्होंने कहा, मुझे बताया गया कि आदि शंकराचार्य के बाद गुरु गोरखनाथ जैसा प्रभावशाली व्यक्तित्व नहीं हुआ।**

गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है और यदि हम स्वस्थ रहेंगे, तभी 2047 तक विकसित भारत और विश्व गुरु बनने का सपना पूरा हो सकेगा। वह गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। यह विश्वविद्यालय 268 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। राष्ट्रपति ने 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा, योग को आज विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई है। शारीरिक श्रम करने वालों के लिए योग उतना जरूरी नहीं, लेकिन कार्यालयों में काम करने वालों के लिए यह बेहद आवश्यक है। उन्होंने भारत की समृद्ध परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा, हम अपने पूर्वजों, ऋषि-मुनियों की संतान हैं, इसलिए उनकी गरिमा को बनाए रखना हमारा दायित्व है। राष्ट्रपति ने कहा, आज भारत का गौरव विश्व भर में गूंज रहा है। इस गौरव को और बढ़ाने के लिए प्रत्येक भारतीय को स्वस्थ रहना होगा। यदि हम स्वस्थ रहेंगे, तभी 2047 तक विकसित भारत और विश्व गुरु बनने का सपना साकार होगा। इसके लिए हमें अभी से प्रयास शुरू कर देने चाहिए। मुर्मू ने इस विश्वविद्यालय के रोजगारपरक पाठ्यक्रमों और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध पर जोर देने की सराहना की। उत्तर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, जनसेवा के लिए अथक परिश्रम जरूरी है।




# ओडिशा में सरकारी अफसर की ऑफिस में घुसकर पिटाई

## सीएम ने दिया सख्त कार्रवाई का आश्वासन, तीन गिरफ्तार

**बीएमसी कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा की मांग को लेकर धरना देने और कार्य बहिष्कार की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री ने सोमवार देर रात ओडिशा प्रशासनिक सेवा (ओएएस) एसोसिएशन के सदस्यों से भी मुलाकात की**

एजेंसी

ओडिशा में सोमवार को उस समय तनाव फैल गया जब भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) के अतिरिक्त आयुक्त पर उनके कार्यालय के अंदर कथित तौर पर हमला किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना की निंदा की है और अपराधियों और पर्दे के पीछे से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है, चाहे वे कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों। अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और बाकी की तलाश जारी है।



# तमिलनाडु के शिवकाशी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

## 8 लोगों के जिंदा जले, कई घायल अस्पताल में भती

**तमिलनाडु के शिवकाशी में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए शक्तिशाली विस्फोट में दो महिलाओं समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि यह विस्फोट विरुधुनगर जिले के चिन्नाकमनपट्टी के पास गोकुलेश पटाखा फैक्ट्री में हुआ।**

एजेंसी

तमिलनाडु के शिवकाशी में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए शक्तिशाली विस्फोट में दो महिलाओं समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि यह विस्फोट विरुधुनगर जिले के चिन्नाकमनपट्टी के पास गोकुलेश पटाखा फैक्ट्री में हुआ। फैक्ट्री से घना धुआं उठता देखा गया और अंदर पटाखों में लगातार विस्फोट हो रहे थे। अब तक कई गंभीर रूप से घायल लोगों को बचाया जा चुका है।



### पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, छह लोगों की मौत

मंगलवार सुबह तमिलनाडु में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह विस्फोट विरुधुनगर जिले के शिवकाशी के पास चिन्ना कमानपट्टी गांव में एक पटाखा फैक्ट्री में हुआ।

### विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई

सूत्रों के अनुसार, विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई और फैक्ट्री से घना धुआं उठता देखा गया और अंदर से लगातार पटाखों के फटने की आवाजें आ रही थीं। विस्फोट का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# मनोजीत कैंपस में नजर आ जाए तो क्लास छोड़ने लगती थी छात्राएं

## कोलकाता गैंगरेप के आरोपी पर होश उड़ाने वाला खुलासा

**छात्रा ने कहा कि कैंपस में डर का माहौल था। वह छात्राओं की तस्वीरें खींचता था, उन्हें मॉर्फ करता था और उन्हें वॉट्सऐप ग्रुप में प्रसारित करता था। उन्होंने कहा कि मिश्रा ने पहले भी महिला छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया है और छात्राएं उनकी धमकी के कारण कक्षाओं में जाने से डरती हैं।**

एजेंसी

कोलकाता में 24 वर्षीय कानून की छात्रा के साथ बलात्कार के सिलसिले में गिरफ्तारी के कुछ दिनों बाद, उसी कॉलेज की एक अन्य छात्रा ने परिसर में मोनोजीत मिश्रा के डर के बारे में खुलासा किया है। मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा और दो अन्य को पीड़िता द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद गिरफ्तार किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मिश्रा ने दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज के परिसर में उसके साथ बलात्कार किया।



**वार** गौरव भाटिया का आरजेडी पर वार

# मौलाना तेजस्वी हमें बताइए कि क्या आपने कभी संविधान पढ़ा है?

एजेंसी

नई दिल्ली , भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला और उन पर शरिया कानून को बढ़ावा देने और संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया। भाटिया ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर यादव की टिप्पणी की आलोचना की और उन पर और उनकी पार्टी पर संविधान का अनादर करने और सांप्रदायिक राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। मीडिया को संबोधित करते हुए भाटिया ने कहा कि बिहार में जो लोग खुद को समाजवादी कहते हैं, वे असल में 'नमाजवादी' हैं। ये 'नमाजवादी' डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान को नहीं चाहते। वे न तो उसका सम्मान करते हैं और न ही उसका पालन करते हैं। वे असल में शरिया कानून चाहते हैं। वे 'हलाल' जैसी प्रथाओं का समर्थन करते हैं और मानते हैं कि केवल एक विशेष धर्म को ही सशक्त बनाया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अगर कोई दलितों, महिलाओं और पिछड़े समुदायों को सशक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का विरोध कर रहा है, तो यह कहना गलत नहीं होगा कि यह राजद और तेजस्वी यादव हैं। तेजस्वी यादव द्वारा वक्फ संशोधन कानून को खारिज करने की कथित टिप्पणी का सीधा संदर्भ देते हुए भाटिया ने कहा, भाजपा संविधान की बात करेगी, जबकि आप शरिया को बढ़ावा देंगे।



**भाटिया ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर यादव की टिप्पणी की आलोचना की और उन पर और उनकी पार्टी पर संविधान का अनादर करने और सांप्रदायिक राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।**

पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जिस तरह से कहा कि भारतीय संसद द्वारा पारित कानून, वक्फ संशोधन कानून, वह उसे कूड़ेदान में डाल देंगे, यह दुखद है।

कृपया मुझे बताएं, क्या आपने कभी संविधान पढ़ा है? क्या आप संविधान के मूल नियमों को भी जानते हैं? एक कानून जो संसद में पारित होता है, संसद द्वारा अनुमोदित होता है, आप यह कैसे कह सकते हैं कि एक राज्य का नेता उसे कूड़ेदान में फेंक सकता है? उन्होंने कहा कि कल नवीं फेल पूर्व उप मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कह रहे थे कि भारत की संसद से पारित वक्फ संशोधन कानून को कूड़ेदान में डाल देंगे। नमाजवादी और तुष्टिकरण के मसीहा मौलाना तेजस्वी यादव ये हमें बताइए कि क्या आपने कभी संविधान पढ़ा है, कभी उसकी मूल भावना को चरितार्थ किया है? उन्होंने कहा कि जंगलराज बिल्कुल लालू और तेजस्वी जैसा होता है। जंगलराज का पहला नियम है, संविधान और कानून की धज्जियां उधेड़ दी जाती हैं और वो ही काम विपक्ष में रहकर तेजस्वी यादव कर रहे हैं।

# शिमला में एनएचएआई मैनेजर पर हमला, गडकरी हुए नाराज

## सीएम सुक्खू को मिलाया फोन, तत्काल कार्रवाई की मांग




**गडकरी ने हमले को जघन्य और गंभीर रूप से निंदनीय बताते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से त्वरित और अनुकरणीय कार्रवाई की मांग की है।**

एजेंसी

नई दिल्ली , केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एनएचएआई शिमला के प्रबंधक अचल जिंदल पर कथित हमले की निंदा की है, जिसे कथीत तौर पर हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और उनके छह सहयोगियों ने अंजाम दिया है। इस घटना ने राजनीतिक बवाल मचा दिया है। गडकरी ने हमले को जघन्य और गंभीर रूप से निंदनीय बताते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से त्वरित और अनुकरणीय कार्रवाई की मांग की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा कि एनएचएआई पीआईयू शिमला के प्रबंधक अचल जिंदल पर हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज मंत्री और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया जघन्य हमला अत्यंत निंदनीय है और कानून के शासन का अपमान है।

# सम्पादकीय

## कोलकाता लॉ कॉलेज में दुष्कर्म, पश्चिम बंगाल सरकार को शर्मसार करने वाली घटना

विडंबना यह है कि महिलाओं के संदर्भ में समाज की मानसिकता बदलने का काम राजनीतिक दलों के एजेंडे से करीब-करीब बाहर है। दुष्कर्म की घटनाओं पर राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में तो उलझ जाते हैं लेकिन इस पर ध्यान नहीं देते कि वे अपने कैडर एवं समर्थकों को महिला सुरक्षा के संदर्भ में कोई सही संदेश दे पा रहे हैं या नहीं? कम से कम अब तो सभी दल ऐसा करें।पहले मेडिकल कालेज में डाक्टर के साथ और अब ला कालेज में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पश्चिम बंगाल सरकार को शर्मसार करने वाली ही है। चिंताजनक यह है कि ये दोनों घटनाएं एक वर्ष के अंदर कोलकाता के उन परिसरों में हुईं, हुई जहां इसकी न्यूनतम आशंका होती है। यह तथ्य कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है कि देश को चिंतित करने वाली दोनों घटनाएं बंगाल की राजधानी कोलकाता में हुईं। यह ठीक है कि ला कालेज में सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर कोलकाता पुलिस ने तत्परता दिखाई, लेकिन यह दुर्योग नहीं हो सकता कि दोनों घटनाओं में तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोग सामने आए। मेडिकल कालेज की घटना पर तो तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने लीपापोती करने की भी कोशिश की थी। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि ला कालेज की घटना पर ममता सरकार गंभीर नजर आ रही है, क्योंकि अभियुक्तों पर निगाह डालने से यही स्पष्ट होता है कि तृणमूल कांग्रेस में अराजक तत्व शरण पा रहे हैं। इसे इंगित करने वाली घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। ममता बनर्जी सरकार में बहुत कुछ वैसा हो रहा है, जैसा कभी वाम दलों की सरकारों के समय हुआ करता था। ला कालेज की घटना इसलिए कहीं अधिक गंभीर है, क्योंकि छात्रा के साथ दुष्कर्म गार्ड रूम में हुआ और घटना में कालेज के कुछ छात्र लिप्त पाए गए। इस घटना पर तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं ने बेहद शर्मनाक बयान दिए। इसका कोई मतलब नहीं कि पार्टी ने अपने नेताओं के अपमानजनक बयानों पर नाराजगी प्रकट की और संबंधित विधायक एवं सांसद की खिंचाई की। इससे उनकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। वे पहले भी अभद्र बयान देते रहे हैं। जब राजनीति में ऐसे लोग होंगे, तो वे समाज पर घातक असर डालेंगे ही। यह सोचा जा रहा था कि दुष्कर्म संबंधी कानून कठोर करने के बाद दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं थमेंगी, लेकिन ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। कई राज्यों में किशोरियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं के दोषियों को मृत्युदंड देने के प्रविधान किए गए हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। दुष्कर्म की घटनाएं कानून एवं व्यवस्था पर ही सवाल नहीं उठातीं, बल्कि समाज की मानसिकता को भी बयान करती हैं। विडंबना यह है कि महिलाओं के संदर्भ में समाज की मानसिकता बदलने का काम राजनीतिक दलों के एजेंडे से करीब-करीब बाहर है।

## आज का विचार

**हारने** से कभी मत डरना,
क्योंकि हार जैसी कोई
चीज़ होती ही नहीं है
या तो **जीत** मिलती है **सीख**

भारत संवाद




**मेष राशि :** करियरः माता-पिता के आशीर्वाद से आज काम में अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपके व्यवहार और काम का सकारात्मक असर दूसरों पर पड़ेगा.बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, तो बिजनेस से जुड़े अनुभवी लोगों से सलाह जरूर लें.

**वृषभ राशिः** करियरः आज दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में स्थिति सामान्य रहेगी, धैर्य बनाकर रखें व्यवसायिक गतिविधियां थोड़ी धीमी रहेंगी, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए संयम ही उचित रहेगा

**मिथुन राशि :** करियरः नई नौकरी के योग बन रहे हैं. किसी उलझन का समाधान होगा जिससे मन हल्का रहेगा.आर्थिक गतिविधियों पर ध्यान दें. खर्चों को सीमित रखें और अनावश्यक मामलों में हस्तक्षेप से धनः किसी दोस्त की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है. लेन-देन में सावधानी रखें.

**कर्क राशिः** करियरः दिनचर्या व्यवस्थित रखने से कार्य समय पर पूरे होंगे. काम पर ध्यान देना भविष्य में फायदेमंद रहेगा बिजनेसः बिजनेसमैन किसी कंपनी के साथ साझेदारी कर सकते हैं. नई योजनाओं पर काम शुरू होगा.धनः वित्तीय मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें.

**सिंह राशिः** करियरः वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा. ऑफिस में प्रेजेंटेशन या नई जिम्मेदारी मिल सकती है. बिजनेसः नया कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है. राजनीतिक संबंध भी लाभधनः रुके हुए पैसे वापस मिल सकते हैं.

**कन्या राशिः** करियरः ऑफिस में काम का दबाव रहेगा. सहयोगियों से तालमेल बनाए रखें बिजनेसः व्यावसायिक सफलता से माता-पिता प्रसन्न होंगे. फिजूलखर्ची से बचें. अपनी जरूरतों को प्राथमिकता दें.प्रोजेक्ट पूरा करने में भाई-बहन या टीचर की मदद लें.

**तुला राशिः** करियरः दिन तरक्की देने वाला रहेगा. कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी.बिजनेसः अटका पैसा वापस मिलने की संभावना है.धनः सुख-सुविधा की वस्तुओं की खरीदारी में खर्च होगा.

**वृश्चिक राशिः** करियरः काम समय पर पूरे होंगे. समाज में आपकी छवि सुधरेगी.आज व्यवसाय में लाभ की स्थिति बन सकती है.परिवार पर धन खर्च होगा शिक्षकों का दिन व्यस्त रहेगा.

**धनु राशि :** करियरः जीवनसाथी के साथ बाहर जाने का मौका मिलेगा. किसी अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन लाभ देगा. बिजनेसः कोई नई योजना शुरू हो सकती है.धनः रुकी हुई आर्थिक समस्या सुलझ सकती है.

**मकर राशिः** करियरः परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी. सकारात्मक सोच से काम सफल होंगे.बिजनेसः प्रॉपर्टी डीलिंग से लाभ मिल सकता है.धनः धन के मामलों में सजग रहें.

**कुंभ राशिः** करियरः अतिरिक्त जिम्मेदारियां पूरी होंगी. समाज में पहचान बढ़ेगी.फैशन डिजाइनिंग से लाभ हो सकता है.आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी.विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगेगा.

**मीन राशि :** करियरः कार्यक्षेत्र में तालमेल अच्छा रहेगा. मार्केटिंग में सफलता मिलेगी.बिजनेसः बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ की सलाह लें.धनः धन से जुड़ा मामला सुलझ सकता है.शिक्षाः छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा.लव/पारिवारिकः लवमेट के लिए दिन शानदार रहेगा. जीवनसाथी से भावनात्मक सहयोग मिलेगा.उपायः मछलियों को आटा खिलाएं.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# हिंदी विरोध की खतरनाक राजनीतिः राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव पर भारी

> महाराष्ट्र में हिंदी विरोध के मूल में सस्ती राजनीति ही है। अपने मुद्दों की नाकामी से जनाधार गंवा चुके राजनीतिक दलों और नेताओं को लगता है कि मराठी अस्मिता के जांचे-परखे पुराने दांव से शायद भविष्य में उनकी चुनावी नैया पार लग जाएगी लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए वे जो कीमत चुकाने पर आमादा हैं वह राष्ट्रीय एकता अखंडता और सामाजिक सौहार्द पर भारी पड़ सकती है।

पा दक्षिण भारत में अक्सर राजनीतिक हित साधने के लिए हिंदी विरोध को एक कारगर हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाता रहा है। अब लगता है कि महाराष्ट्र की बारी है। जिन अहिंदी भाषी राज्यों में भी हिंदी बोलने-समझने वाले ही नहीं, हिंदी लिखनेवाले भी बड़ी संख्या में मिल जाते हैं, उनमें महाराष्ट्र अग्रणी है। मूलतः मराठीभाषी हिंदी साहित्यकारों और पत्रकारों की संख्या भी कम नहीं है। जिस हिंदी सिनेमा की हिंदी भाषा के प्रसार में बड़ी भूमिका की बात कही जाती है, उसका केंद्र महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई ही है। मराठी मूल के असंख्य लोगों ने फिल्म निर्माण से लेकर अभिनय तक, हिंदी सिनेमा में बड़ा नाम कमाया है। दादा साहेब फाल्के को भारतीय फिल्म उद्योग का पितामह कहा जाता है। देश का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म सम्मान ह्यदादा साहेब फाल्के अवार्डह्न उन्हीं की स्मृति में दिया जाता है। क्या वी. शांताराम के बिना हिंदी सिनेमा की कहानी कही जा सकती है? यह फेहरिस्त बहुत लंबी बन सकती है। महाराष्ट्र में अब त्रिभाषा फामूर्ले के अंतर्गत स्कूलों में हिंदी पढ़ाए जाने के फैसले को हिंदी थोपना बता कर बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाया जा रहा है। नई शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में तीन भाषाएं पढ़ाई जाएंगी, जिनमें से दो



भारतीय और तीसरी विदेशी होगी। नई शिक्षा नीति के अनुरूप ही त्रिभाषा फामूर्ले को लागू करते हुए महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में पहली से पांचवीं कक्षा तक मराठी, हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाए जाने का फैसला लिया। इसका खासकर शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना द्वारा जोरदार विरोध शुरू हो गया संकीर्ण राजनीति प्रेरित अतार्किक विरोध के आगे झुकते हुए महायुति सरकार ने अपने आदेश में संशोधन भी कर दिया कि विद्यार्थी मराठी और अंग्रेजी के साथ तीसरी भाषा के रूप में हिंदी के बजाय कोई अन्य भारतीय भाषा भी चुन सकते हैं। इसके बावजूद महाराष्ट्र में हिंदी विरोध थमता नहीं दिख रहा। उद्धव की शिवसेना और राज की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अब मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी पढ़ाए जाने के विरोध में संयुक्त विरोध प्रदर्शन करने जा रही हैं। अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस पाने के लिए उद्धव और राज ठाकरे की तरह शरद पवार भी मराठी अस्मिता के भावनात्मक मुद्दे को भुनाने का मौका नहीं चूकना चाहते। हिंदी विरोधी प्रदर्शन को उन्होंने भी समर्थन का एलान कर दिया है। ऐसा ही दबाव अन्य विपक्षी दलों पर भी नजर आ रहा है, क्योंकि ऐसे भावनात्मक मुद्दे हमारी चुनावी राजनीति में वास्तविक मुद्दों पर भारी पड़ते रहे हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस ने आरोप लगाया है कि अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में नई शिक्षा नीति को मंजूरी देने वाले उद्धव ठाकरे बीएमसी समेत आगामी नगर निगम चुनावों में राजनीतिक लाभ के लिए ही हिंदी विरोध को हवा दे रहे हैं। सच यह भी है कि बाला साहब ठाकरे द्वारा गठित शिवसेना की पहचान शुरू में हिंदी भाषा तथा गैर मराठी प्रवासियों के विरोधी की ही रही। मराठी अस्मिता के नाम पर ही शिवसेना ने महाराष्ट्र में अपने पैर पसारे, लेकिन पहले भाजपा से गठबंधन और फिर उससे तकरार के बाद कांग्रेस-राकांपा के साथ महा विकास अघाड़ी सरकार बनाने से वह पहचान धूमिल होती गई। अब जबकि राज ठाकरे के साथ ही उद्धव ठाकरे के समक्ष भी राजनीतिक भविष्य का संकट खड़ा हो गया है, तब दोनों मिलकर हिंदी विरोध के जरिये मराठी अस्मिता के मुद्दे को धार दे कर पुनरुत्थान की कोशिश कर रहे हैं। पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद दोनों ठाकरे भाइयों में एकता की चचाएं लगातार चलती रही हैं। हिंदी विरोध के रूप में उन्हें मनचाहा मुद्दा भी मिल गया है। बदलते सामाजिक-आर्थिक परिवेश में भाषाई संकीर्णता का यह मुद्दा कितना कारगर होगा, इसकी पहली परीक्षा बृहद मुंबई महापालिका यानी बीएमसी समेत कुछ नगर निगमों के निकट भविष्य में होनेवाले चुनावों में होगी। बीएमसी पर सभी दलों की नजर इसलिए भी रहती है कि उसका बजट देश के कई राज्यों से बड़ा है। आम धारणा है कि बीएमसी पर काबिज दल के लिए महाराष्ट्र में राजनीति करना आसान हो जाता है। महाराष्ट्र में हिंदी विरोध के मूल में सस्ती राजनीति ही है। अपने मुद्दों की नाकामी से जनाधार गंवा चुके राजनीतिक दलों और नेताओं को लगता है कि मराठी अस्मिता के जांचे-परखे पुराने दांव से शायद भविष्य में उनकी चुनावी नैया पार लग जाएगी, लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए वे जो कीमत चुकाने पर आमादा हैं, वह राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द पर भारी पड़ सकती है। ऐसे में महाराष्ट्र के जागरूक नागरिकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। जन साधारण को समझाना होगा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप पहली से पांचवीं कक्षा तक हिंदी पढ़ाए जाने को हिंदी थोपना बता कर विरोध कर रहे राजनीतिक दलों और नेताओं ने राज्य में कभी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों का विरोध नहीं किया। बेशक वैश्विक गांव की परिकल्पना के इस दौर में किसी विदेशी भाषा का विरोध भी समझदारी नहीं, पर एक ही विशाल भाषा परिवार की सदस्य भारतीय भाषाओं को एक-दूसरे के मुकाबले खड़ा करने की साजिश तो देश के प्रति अक्षम्य अपराध है।

# प्रकृति का रौद्र रूप कहीं बाढ़ कहीं भूस्खलन

संजीव ठाकुर

भारत में वषार्काल मे भीषण प्राकृतिक वर्षा के फलस्वरुप बाढ़ भूस्खलन और नदियों में उफान आने से उत्तरांचल ,उत्तराखंड, असम, मेघालय, दिल्ली और पंजाब भीषण त्रासदी झेल रहे हैं और बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु भी हो गई है।देश के साथ एकसाथ विश्व में कई देशों में अतिवृष्टि से बाढ़ का प्रकोप होता है लैंडस्लाइडिंग भी होती है पर सर्वाधिक मृत्यु भारत में ही होती है। भारत में भूकंप के झटके भी लगते हैं कई बार भूकंप भी आता है और जान माल की हानि होती है।यह ऐसा तो है नहीं कि अति वर्षा कई सालों में एक बार होती हो, वर्षा, बाढ़ तथा लैंडस्लाइडिंग का प्रकोप हर वर्ष अखबारों में हम पढ़ते हैं और लोगों की मृत्यु होती है तो ऐसे में केंद्र तथा राज्य सरकारों को आपस मैं सामंजस्य कर इस त्रासदी तथा विपदा का पहले से प्रबंध करने की आवश्यकता होनी चाहिए जिससे आमजन को जान माल का कम से कम नुकसान हो सके ।आपदा सदैव अनअपेक्षित घटना होती है। जो मानवीय नियंत्रण से बाहर तथा प्राकृतिक व मानवीय कारकों द्वारा मूर्त रूप दी जाती है। प्राकृतिक आपदा अल्प समय में बिना किसी पूर्व सूचना के घटित होती है, जिससे मानव जीवन के सारे क्रियाकलाप अवरुद्ध हो कर,जान और माल की बड़ी हानि होती है ।आपदा की गहनता, विशालता एवं निरंतरता मानव जीवन तथा समाज, देश को बड़ी हानि पहुंचाते हैं, एवं उस देश की आर्थिक स्थिति में गहरी चोट करते हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं से देश की प्रगति पर चोट पहुंचती है। तथा राष्ट्र को आर्थिक रूप से बहुत पीछे खींच कर ले जाती है।



आपदा प्रबंधन में जापान से सीख ली जा सकती है। क्योंकि जापान आपदा प्रबंधन में विश्व में अग्रणी देश माना जाता है। जापान पृथ्वी के ऐसे क्षेत्र में अवस्थित है, जहां भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी जैसी प्राकृतिक आपदाएं सदैव आती रहती हैं। जापान में आपदा प्रबंधन की अत्याधुनिक तकनीक को याकोहामा रणनीति कहा जाता है। जापान में आपदा प्रबंधन की साल भर नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर एक्सरसाइज की जाती रहती है, एवं आपदाओं पर निरंतर निगरानी तथा नजर रखी जाती है,एवं इसके निदान के लिए पूर्व से ही सुनियोजित योजना बनाकर नागरिकों को सुरक्षित कर लिया जाता है। भारत को भी इसी तरह आपदा प्रबंधन को अपनाकर हमें बाढ़, अतिवृष्टि, लैंडस्लाइडिंग तथा भूकंप से पूरी क्षमता कथा विशेषताओं के साथ सामना करना चाहिए।

आपदाओं के प्रति मानवीय सभ्यता के संदर्भ में समाज के आर्थिक सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग को ज्यादा प्रभावित करती है। एवं समाज का सबसे संवेदनशील तबका यानी वृद्ध व्यक्ति, महिलाएं, बच्चों, दिव्यांग लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। आपदा के समय सबसे ज्यादा निम्न आय वर्ग का व्यक्ति तथा मजदूर तबके का व्यक्ति सबसे ज्यादा प्रभावित होकर उसकी दिनचर्या समूह रूप से छिन्न-भिन्न हो जाती है, एवं आर्थिक साधन भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे उसे आजीविका का एक बड़ा भय सताने लगता है।

भारत के भू भाग का लगभग 58% क्षेत्र भूकंप की संभावना वाला क्षेत्र है, जिसमें हिमालयिन क्षेत्र,पूर्वोत्तर राज्य, गुजरात का कुछ क्षेत्र, अंडमान निकोबार द्वीप समूह भूकंप की दृष्टि से सबसे सक्रीय क्षेत्र रहें है। देश के 65 से 68% भूभाग पर कभी कम कभी ज्यादा भीषण रूप से सूखा पड़ता है, इसी तरह भारत के पश्चिमी और प्रायद्वीपीय राज्य में मुख्यतः शुष्क तथा अर्ध शुष्क न्यून नमी वाले क्षेत्र सूखे से सदैव प्रभावित रहते हैं। बाढ़ से प्रभावित भूमि का विस्तार क्षेत्र देश के 12% है, यानी 7 करोड़ हेक्टेयर जमीन में भूकंप आने की संभावना सदैव बनी रहती है। हिमालय क्षेत्र देश के पर्वतीय क्षेत्र मैं भूस्खलन की गंभीर समस्या की संभावना सदैव बनी रहती है। देश के विशाल तटवर्ती क्षेत्र में चक्रवात तथा सुनामी की भयावह स्थिति की संभावना सदैव बनी रहती है।अब भारत में विश्व के साथ-साथ करोना संक्रमण की भयानक महामारी से प्रभावित होकर हजारों लाखों नागरिकों की जान गवा कर इस आपदा से जंग लड़ रहा है, यह कोविड-19 की महामारी या आपदा प्राकृतिक है या मानव निर्मित यह तो भविष्य ही बताएगा, किंतु इस महामारी ने पूरे वैश्विक स्तर पर आकस्मिक रूप से मानव जीवन में मृत्यु का तांडव मचा के रख दिया है। ऐसी ही अनपेक्षित आपदाओं का पूर्वानुमान अथवा आकलन किया जाना पहले से संभव नहीं हो सकता है। ऐसे में राष्ट्रीय अन्य योजनाओं के साथ-साथ आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अत्यधिक सावधानी पूर्वक योजना तथा विभाग बनाने चाहिए, देश में जापान जैसे देश की तरह आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए अत्याधुनिक आपदा प्रबंधन सिस्टम को तैनात कर तैयार रखने की आवश्यकता होगी।

भारत को आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग को चुस्त-दुरुस्त तथा अत्याधुनिक तकनीक से युक्त रखने की आवश्यकता है। तूफानी चक्रवात,सुनामी,भूस्खलन, भूकंप, सूखा बाढ़ के अलावा अब कोविड-19 यानी करोना संक्रमण जैसी खतरनाक बीमारियां भारत देश को अपना निशाना बना कर रखा है ।ऐसे में भारत में मध्यम दर्जे का या निम्न दर्जे का आपदा प्रबंधन सिस्टम किसी भी काम का ना रहेगा, एवं इससे भारी जानमाल की हानि होने की संभावना सदैव बनी रहेगी। भारत में आपदा प्रबंधन के लिए 1990 में कृषि मंत्रालय के अंतर्गत डिजास्टर मैनेजमेंट सेल स्थापित किया गया था। लेकिन 1993 में लातूर के भूकंप तथा 1998 में मालपा के भूस्खलन तथा 1999 में ओडिशा में सुपर साइक्लोन तथा 2001 में भुज के भूकंप के बाद देश में एक मजबूत आपदा प्रबंधन की व्यवस्था की जरूरत को महसूस करते हुए जे,सी, पंत जी की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट में एक सुव्यवस्थित तथा व्यापक सिस्टम तथा विभाग की स्थापना की आवश्यकता प्रतिवेदित की गई थी। 2002 में आपदा को देश की आंतरिक सुरक्षा का मामला मानते हुए आपदा को गृह मंत्रालय के अंतर्गत समाविष्ट किया गया। आपदा प्रबंधन के इतिहास में 2005 में एक बड़ा परिवर्तन लाया गया भारत सरकार ने आपदा को अपनी कार्ययोजना के एक चक्रीय क्रम के रूप में प्रबंधित किया, जिसमें आपदा आ जाने के बाद इसके बचाव, नुकसान की भरपाई, निदान तथा आपदा आने के पूर्व की तैयारी तथा योजना को मूर्त रूप देने का एक सुनियोजित तरीका तैयार किया गया था।

# मिश्रित शिक्षाः शैक्षिक परिवर्तन ड्राइविंग

विजय गर्ग

हम शिक्षा के एक युग में रह रहे हैं जो छात्रों और कामकाजी पेशेवरों के लिए सक्षम परिस्थितियों का निर्माण कर रहा है, और जिसमें मिश्रित शिक्षण एक प्रमुख गेम-चेंजर होगा। भारत के भीतर, भारत की राष्ट्रीय शैक्षिक नीति 2020 का कार्यान्वयन भारत में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को नया रूप देने जा रहा है। एनईपी 2020 की दृष्टि एसडीजी 4 के साथ गठबंधन की गई भारतीय शिक्षा प्रणाली को फिर से कल्पना करना है, जो समान अवसर, समावेश और इक्विटी पर केंद्रित है। मिश्रित शिक्षण-शिक्षण वातावरण, क्रिएटिव कॉमन्स और बड़े पैमाने पर ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम के तहत ओपन एजुकेशनल रिसोर्स क्षेत्रों और सामाजिक-आर्थिक स्तर पर एक मजबूत भारतीय शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए आवश्यक आवश्यकताएं हैं। मेरे डॉक्टरेट थीसिस की रक्षा के दौरान धारणा को जानने के लिए छात्रों, संकाय सदस्यों और पुस्तकालय पेशेवरों सहित शैक्षणिक समुदायों के बीच एक ऑनलाइन सर्वेक्षण किया गया है। सर्वेक्षण में अपरंपरागत सीखने के अवसरों और संसाधनों के बारे में छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच जागरूकता का एक निम्न स्तर सामने आया जो ऑनलाइन पाठ्यक्रमों जैसे आईटी बुनियादी ढांचे का लाभ उठाते हैं जो नवीनतम तकनीकी कौशल वृद्धि पाठ्यक्रमों में बड़ी संख्या में छात्रों तक पहुंच प्रदान करते हैं। उत्साहजनक और कुछ हद तक, संकाय सदस्यों ने सर्वेक्षण किया, छात्रों या यहां तक कि पुस्तकालय पेशेवरों के सापेक्ष इन मामलों के बारे में उच्च जागरूकता प्रदर्शित की। इसने इस बात पर जोर दिया कि जब संकाय सदस्य ओईआर शैक्षिक संसाधनों को पारंपरिक कक्षा सेटिंग्स में शामिल करते हैं, तो ओईआर संसाधनों की गुणवत्ता में सुधार होता है, इसलिए ऑनलाइन शिक्षा की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाता है। विभिन्न हितधारकों को पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) के साथ ओईआर को एकीकृत करने और भारत में एचईआई में एक मजबूत ओईआर नीति ढांचा होने का दृष्टिकोण पाया गया। एलएमएस के साथ ओईआरएस को एकीकृत करने की दिशा में हितधारकों के अनुकूल विचारों को शैक्षणिक समुदाय को ओपन-एक्सेस लाइसेंस और मिश्रित शिक्षण वातावरण की संस्कृति की बेहतर समझ हासिल करने में सक्षम बनाना चाहिए। इसलिए यह विशेष रूप से पेरी-शहरी आबादी और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले वंचित समुदायों के बीच मिश्रित शिक्षण शिक्षा को गति देने का अवसर है। 'ऑल इंडियन सर्वे ऑन हायर एजुकेशन 2021-22' के अनुसार, बिहार और असम में दूरस्थ नामांकन मोड उच्च जनसंख्या वृद्धि के बावजूद सबसे कम में से एक है और लोग उच्च शिक्षा के लिए उत्सुक हैं और राज्य के भीतर प्रत्यक्ष विश्वविद्यालय नामांकन तक बहुत कम पहुंच है। यह जलवायु साक्षरता और जलवायु शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। उच्च शैक्षिक संस्थानों द्वारा उईएआर का वास्तविक गोद लेना विभिन्न कारकों जैसे - समय और लागत, भाषा, उपयोगकर्ता-मित्रता, बुनियादी ढांचा, गुणवत्ता और पुस्तकालय समर्थन पर निर्भर करता है। शैक्षणिक प्रथाओं का विकास ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज (ओईआरएस) के बारे में जागरूकता से जुड़ा हुआ है, जो इन-पर्सन कक्षाओं के दौरान पारंपरिक शिक्षण विधियों में ओईआर सामग्री के एकीकरण की सुविधा प्रदान करता है। इसके अलावा, सरकारी सहायता उच्च शिक्षा संस्थानों में ओईआरएस के उपयोग और उन्नति को बढ़ाएगी और उच्च गुणवत्ता वाले खुले शैक्षिक संसाधनों के माध्यम से सूचना-समृद्ध और सूचना-गरीब संस्थाओं के बीच असमानताओं को कम करने की सुविधा प्रदान करेगी, जो सतत विकास लक्ष्य के उद्देश्य में से एक के साथ संरेखित होगीएनईपी 2020 का उद्देश्य छात्रों / शिक्षार्थियों को एक साथ दो डिग्री हासिल करने की अनुमति देकर विविध कौशल विकसित करने के लिए सशक्त बनाना है।

## शॉर्ट टर्म मेमोरी लॉस... गजनी की तरह किसानों, युवाओं से किए वादों को भूल गई है महाराष्ट्र सरकार, रोहित पवार का हमला

शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार ने मंगलवार को महाराष्ट्र की देवेंद्र फड़नवीस सरकार पर जोरदार हमला बोला। रोहित पवार ने महाराष्ट्र सरकार को 'गजनी सरकार' बताया। कहा कि गजनी की तरह वो भी किसानों, युवाओं, महिलाओं और स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़े अपने वादों को भूल गई है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार ने मंगलवार को महाराष्ट्र की देवेंद्र फड़नवीस सरकार पर जोरदार हमला बोला। रोहित पवार ने महाराष्ट्र सरकार को 'गजनी सरकार' बताया। उन्होंने कहा कि गजनी की तरह वो भी किसानों, युवाओं, महिलाओं और स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़े अपने वादों को भूल गई है ।रोहित पवार ने क्या कहा?महाराष्ट्र विधानभवन में एक प्रदर्शन में शामिल हुए एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सरकार की तुलना फिल्म गजनी से करते हुए कहा कि गजनी वह व्यक्ति था जो सब कुछ भूल जाता था और ठीक उसी तरह यह सरकार भी किसानों, युवाओं, महिलाओं और स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़े अपने वादे भूल गई है। हम उन्हें याद दिलाने के लिए पोस्टर लेकर आए हैं। वे गजनी की तरह सब कुछ भूल जाते हैं, इसलिए हम उनको कर्जमाफी, रोजगार और अन्य वादों के बारे में याद दिलाते हैं, जिसे उन्हें पूरा करना होगा ।जन सुरक्षा विधेयक का भी विरोधरोहित पवार ने जन सुरक्षा विधेयक का भी विरोध जताया। उन्होंने कहा कि हम जन सुरक्षा विधेयक का विरोध करते हैं, क्योंकि ये विधेयक बोलने की आजादी और आंदोलन के संवैधानिक अधिकारों को खत्म कर देगा।

## रवींद्र चव्हाण के हाथ में महाराष्ट्र बीजेपी की कमान, निर्विरोध चुने गए प्रदेश अध्यक्ष

> चव्हाण ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी का कोई कार्यकर्ता महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष पद तक पहुंच सकता है और यही संगठन की ताकत है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास करूंगा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता ऐसी ताकत हासिल करे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी सहयोगी रवींद्र चव्हाण को मंगलवार को सर्वसम्मति से महाराष्ट्र भाजपा का अध्यक्ष चुना गया। यह चुनाव मुंबई नगर निकाय चुनावों से पहले होने वाले हैं। उन्होंने राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का स्थान लिया, जो अगस्त 2022 से इस पद पर थे। वे पार्टी की राज्य इकाई के 12वें अध्यक्ष बने।चव्हाण ने कर्जत, बदलापुर और माथेरान जैसे अर्ध-शहरी इलाकों में भाजपा के विस्तार के दौरान एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक भूमिका निभाई है। उनके प्रदर्शन ने उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में जगह दिलाई और उन्हें पालघर और रायगढ़ जिलों का संरक्षक मंत्री भी बनाया गया ।चव्हाण ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी का कोई कार्यकर्ता महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष पद तक पहुंच सकता है और यही संगठन की ताकत है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास करूंगा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता ऐसी ताकत हासिल करे। 2017 के मुंबई निकाय चुनावों में भाजपा ने 82 सीटें जीती थीं, जबकि अविभाजित शिवसेना ने 84 सीटें हासिल की थीं। 2022 के विभाजन के बाद, लगभग 50 पूर्व नगरसेवक शिंदे खेमे में शामिल हो गए हैं।

ठाणे जिले के एक प्रमुख चेहरे चव्हाण ने 2007 में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की, जब वे कल्याण-डोंबिवली नगर निगम में पार्षद चुने गए। कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन के सत्ता में होने के बावजूद, वे स्थायी समिति के अध्यक्ष बने। 2009 में, उन्हें डोंबिवली विधानसभा सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया और उन्होंने जीत हासिल की। 2014 में वे फिर से चुने गए और कल्याण-डोंबिवली, मीरा-भयंदर और पनवेल सहित मुंबई महानगर क्षेत्र में विभिन्न नगर निगमों की देखरेख करने वाले राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया।

फास्ट ट्रैक

## पश्चिम रेलवे द्वारा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का नरडाणा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 09079/09080 और ट्रेन संख्या 09081/09082 उधना-मिरज आषाढ़ी एकादशी स्पेशल को नरडाणा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विवरण निम्नानुसार है:-

1. 04 जुलाई, 2025 को उधना से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09079 उधना-मिरज स्पेशल को नरडाणा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 14.33 बजे नरडाणा स्टेशन पहुंचेगी और 14.35 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 05 जुलाई, 2025 को मिरज स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09080 मिरज-उधना स्पेशल को नरडाणा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 00.40 बजे नरडाणा स्टेशन पहुंचेगी और 00.42 बजे प्रस्थान करेगी। 2. 05 जुलाई, 2025 को उधना से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09081 उधना-मिरज स्पेशल को नरडाणा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 14.33 बजे नरडाणा स्टेशन पहुंचेगी और 14.35 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 06 जुलाई, 2025 को मिरज स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09082 मिरज-उधना स्पेशल को नरडाणा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 00.40 बजे नरडाणा स्टेशन पहुंचेगी और 00.42 बजे प्रस्थान करेगी।

ट्रेनों से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## रेलवन (RailOne) ऐप का शुभारंभ रेलवे मंत्री द्वारा उफकर के 40वें स्थापना दिवस समारोह में किया गया

### यह ऐप Android PlayStore औरांiOS App Store, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



जबलपुर । रेलवन ऐप यात्रियों की सभी आवश्यक सेवाओं के लिए एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन है। इस ऐप के माध्यम से यात्रियों को निम्नलिखित सेवाओं तक सरलता से पहुंच मिलती है:टिकटिंग आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफार्म टिकट; ट्रेन और PNR पूछताछ,यात्रा योजना, रेल मदद सेवाएं, ट्रेन में भोजन बुकिंग। साथ ही, इसमें माल परिवहन (फ्रेट) से संबंधित पूछताछ की सुविधा भी उपलब्ध है।

इस ऐप का मूल उद्देश्य

उपयोगकताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करना है, जिसे सरल और स्पष्ट यूआई (यूजर इंटरफेस) के माध्यम से साकार किया गया है। यह न केवल सभी सेवाओं को एक स्थान पर समाहित करता है, बल्कि सेवाओं के बीच एकीकृत संपर्क भी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ता को भारतीय रेल सेवाओं का समग्र पैकेज मिलता है।

इस ऐप की एक विशेष सुविधा है

सिंगल साइन-ऑन। इससे उपयोगकताओं को कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती। RailOne ऐप डाउनलोड करने के बाद, RailConnect या UTSonMobile ऐप की मौजूदा यूजर आईडी से लॉगिन किया जा सकता है। इसके कारण उपयोगकताओं को अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग ऐप रखने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे डिवाइस की स्टोरेज भी बचती है। इस ऐप में आर-वॉलेट (Railway e-wallet)की सुविधा भी जोड़ी गई है। संख्यात्मक PIN और बायोमेट्रिक लॉगिन जैसी आसान लॉगिन सुविधाएं भी दी गई हैं।नए उपयोगकताओं के लिए कम से कम जानकारी देकर पंजीकरण की व्यवस्था है, जिससे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आसान और तेज बनती है। केवल पूछताछ करने वाले उपयोगकर्ता गेस्ट लॉगिन के जरिए मोबाइल नंबर और OTP से भी लॉगिन कर सकते हैं।

## महाप्रबंधक ने मध्य रेल के 9 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार सम्मान प्रदान किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना ने दिनांक 01.07.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई में आयोजित एक समारोह में 9 मध्य रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया, जिसमें मुंबई मंडल के 2, सोलापुर मंडल के 3, नागपुर मंडल के 2 तथा पुणे और भुसावल मंडल के 1-1 कर्मचारी शामिल हैं।

संरक्षा पुरस्कार संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान तथा पिछले महीनों के दौरान ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किए गए। प्रत्येक पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र तथा 2000/- का नकद पुरस्कार शामिल है।

पुरस्कार विजेताओं का विवरण निम्नानुसार है

मुंबई मंडल

1. श्री निवृत्ति पांडुरंग म्हात्रे, हेड बुकिंग क्लर्क, दिवा, मुंबई मंडल ने दिनांक 12.05.2025 को किलोमीटर 44/100-200 पर रेल फ्रैक्चर देखा। उन्होंने तुरंत दातिवली स्टेशन के केबिन स्टेशन मास्टर को सूचित किया और इस प्रकार एक बड़ी दुर्घटना को टालने में मदद की।

2. श्री अमोल संतोष देवरे, रेलवे सुरक्षा बल के जवान, अंबरनाथ, मुंबई मंडल ने दिनांक 02.06.2025 को देखा कि एक अंधा व्यक्ति प्लेटफॉर्म से नीचे पटरी पर गिर रहा था और ट्रेन कुछ ही दूरी पर उक्त ट्रैक पर थी। श्री अमोल देवरे तुरंत उसकी मदद के लिए पहुंचे और अपनी जान जोखिम में डालकर उस व्यक्ति को बचाया। उनकी त्वरित सोच और कार्रवाई ने एक व्यक्ति की जान बचाने में मदद की।

सोलापुर मंडल

3. श्री बिरमणि बीर, डिप्टी स्टेशन मैनेजर, अकलकोट रोड, सोलापुर मंडल ने दिनांक 17.06.2025 को लूपलाइन के पास एक मालगाड़ी के साथ सिग्नल के आदान-प्रदान के दौरान, वैगन से एक हिस्सा लटका हुआ देखा। उन्होंने तुरंत खतरे का संकेत दिखाया और आगे की कार्रवाई के लिए ट्रेन को रोक दिया। उनकी सतर्कता और तत्काल कार्रवाई ने संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

4. श्री राजेश अजमिरे, डिप्टी स्टेशन मैनेजर, ढोकी, सोलापुर मंडल ने दिनांक 14.06.2025 को एक प्रस्थान करने वाली मालगाड़ी के साथ सिग्नल के आदान-प्रदान के दौरान, दूसरे अंतिम वैगन से एक हिस्सा लटका हुआ देखा। उन्होंने तुरंत लोको पायलट को सूचित किया और आगे की कार्रवाई के लिए ट्रेन को रोक दिया। उनकी सतर्कता और तत्काल कार्रवाई ने संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

5. श्री आतिश लंबतूरे, पॉइंट्समैन, सोलापुर, सोलापुर मंडल ने दिनांक 05.06.2025 को एक मालगाड़ी के आगमन के दौरान एक वैगन का पिस्टन रॉड ढीला लटका हुआ देखा। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया और इस तरह एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

नागपुर मंडल

6. श्री राकेश कुमार, सीनियर ट्रेन मैनेजर, नागपुर, नागपुर मंडल ने दिनांक 21.05.2025 को एक मालगाड़ी की जांच के दौरान एक पीछे की ट्रॉली के बाहरी हेलिकल स्प्रिंग को गायब पाया। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया और इस तरह एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

7. श्री विशु भीमराव डोफे, तकनीशियन (सी एंड डब्ल्यू), नागपुर, नागपुर मंडल ने दिनांक 29.05.2025 को ट्रेन नंबर 12721 हैदराबाद-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस की नियमित रोलिंग जांच के दौरान एक कोच की पिछली ट्रॉली की ब्रेक डिस्क टूटी हुई और लटकी हुई हालत में देखी और सभी बोल्ट गायब थे। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया और इस तरह एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

पुणे मंडल

8. श्री मयूर कांबले, लोको पायलट, पुणे, पुणे मंडल, ने दिनांक 13.06.2025 को मालगाड़ी पर ड्यूटी के दौरान चिंचवड़ लूपलाइन में प्रवेश करते समय देखा कि दीवार का एक हिस्सा रेल की पटरियों पर गिर गया है। उन्होंने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और ट्रेन को रोक दिया, जिससे संभावित दुर्घटना टल गई।

भुसावल मंडल

9. श्री मयूर सपकाले, सहायक लोको पायलट, भुसावल, भुसावल मंडल, ने दिनांक 16.05.2025 को ट्रेन नंबर 03380 एलटीटी-धनबाद स्पेशल पर मनमाड स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान लोको का निरीक्षण करते समय देखा कि पेंटो प्लेट की सहायक पट्टी टूटी हुई हालत में है। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया और इस तरह संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए और उनके कर्तव्यों के प्रति उनकी सतर्कता और समर्पण की सराहना करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि सतर्कता और समर्पण के ऐसे कार्य दूसरों को यात्रियों की संरक्षा के लिए ईमानदारी से काम करने और जान, माल और रेलवे संपत्ति के नुकसान को रोकने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर श्री प्रतीक गोस्वामी, अपर महाप्रबंधक, श्री चंद्र किशोर प्रसाद, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष और मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## श्री धर्म वीर मीना ने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया

### श्री धर्म वीर मीना महाप्रबंधक – पश्चिम रेलवे एवं मध्य रेल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्म वीर मीना ने मंगलवार, 1 जुलाई, 2025 को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्री धर्म वीर मीना भारतीय रेल सिगनल इंजीनियर्स सेवा के 1988 बैच के अधिकारी हैं। आपने 1988 में एम.बी.एम. इंजीनियरिंग कॉलेज, जोधपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार में बी.ई. की डिग्री प्राप्त की है तथा आपके पास कानून में मास्टर्स डिग्री भी है। आप मार्च, 1990 में रेलवे में शामिल हुए और आपने दक्षिण पूर्व रेलवे, पश्चिम रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे और मध्य रेल में फील्ड और मुख्यालय दोनों में कई भूमिकाओं में कार्य किया है। आपके कार्यकाल की खासियत यह रही है कि आपने सिगनलिंग परियोजनाओं और विभिन्न मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं, सुरक्षा कार्यों से जुड़े सिगनलिंग कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा किया है ।श्री मीना ने 1992 में दक्षिण पूर्व रेलवे में सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, शहडोल के रूप में चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं के साथ अपना कैरियर शुरू किया और 1998 तक मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, बिलासपुर और वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, खुर्दा रोड के रूप में काम किया। इसके बाद, पश्चिम रेलवे में आपने विभिन्न क्षमताओं में काम किया, जिसमें प्रणालियों की समग्र विश्वसनीयता में सुधार, सिगनलिंग प्रतिष्ठान, सिगनलिंग कार्य, रिकॉर्ड मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं से जुड़े (जिसमें विरमगाम जंक्शन-सामाख्याली जंक्शन और सुरेन्द्रनगर-राजकोट, अहमदाबाद-महेसाणा जंक्शन का दोहरीकरण सह-गेज परिवर्तन शामिल हैं)। आपके अथक प्रयासों से प्रति सप्ताह एक से अधिक इंस्टॉलेशन चालू किए गए। नवाचार पद्धतियों और भविष्य की तकनीकों के अनुकूलन द्वारा गतिशीलता, थ्रूपुट वृद्धि कार्य उनके कार्यकाल की परिभाषित विशेषता थी। अहमदाबाद मंडल के वडनगर और विसनगर के बीच पहला एम्बेडेड ब्लॉक पूरा करने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। आपने 2020 में भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरिंग मैनुअल (कफरएट) समीक्षा समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य किया है ।पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य सिगनलिंग एवं दूरसंचार इंजीनियर (PCSTE) के रूप में आपने रिकॉर्ड समय में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (एक) [994 मार्गों के न्यू कटनी जंक्शन (NKJ) के मेगा यार्ड, स्वचालित सिगनलिंग कार्य (SBS), लेवल क्रॉसिंग (LC) इंटरलॉकिंग कार्य, मैकेनिकल सिगनलिंग आदि का उन्मूलन सहित] सहित मथुरा जंक्शन से नागदा जंक्शन तक 548 किलोमीटर तक कवच कार्यों को सफलतापूर्वक स्थापित किया। आपने माननीय रेल मंत्री के निदेर्शानुसार स्थापित 'कवच कार्य समूह' का भी नेतृत्व किया, जिसमें भारतीय रेल में कवच के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए अनुभव साझा करने और सहयोग के लिए कवच को लागू करने में आपकी प्रमुख पहलों पर विचार किया गया। इसके बाद, मध्य रेल में प्रमुख मुख्य सिगनलिंग एवं दूरसंचार इंजीनियर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान आपने इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (एक) [सीएसएमटी (छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) सहित], स्वचालित ब्लॉक सिगनलिंग , एक्सल काउंटरों द्वारा ब्लॉक साबित करना , गति बढ़ाना, मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं, परिचालन बाधाओं को दूर करना, लेवल क्रॉसिंग इंटरलॉकिंग और क्लोजर वर्क्स, गतिशीलता और थ्रूपुट वृद्धि कार्यों सहित रिकॉर्ड 88 सिगनलिंग और संबंधित स्थापनाएं 126 दिनों के भीतर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। आपके नेतृत्व में मध्य रेल कवच को लागू करने वाला पहला रेलवे बन गया है, जिसका कार्य पूरे क्षेत्रीय नेटवर्क के लिए तेज गति से चल रहा है, जो भारतीय रेल में पहला है। दोहरीकरण, मल्टीट्रैकिंग और क्षमता वृद्धि में अब तक की सबसे अच्छी प्रगति उनके कार्यकाल के दौरान हासिल की गई है। मध्य रेल के प्रमुख यार्डों में ट्रैफिक कंजेशन को कम करने, गतिशीलता बढ़ाने, अतिरिक्त/नई ट्रेनों की शुरूआत आदि के लिए विभिन्न कार्यों की योजना, क्रियान्वयन सबसे तेज गति से चल रहा है।

अपने विभिन्न कार्यकालों के दौरान आपने बेहतर सूचना वितरण द्वारा यात्री सुविधा में सुधार और वृद्धि के लिए यात्री सुविधा कार्यों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया है।

वर्ष 2009 से 2014 तक पश्चिम रेलवे में उप मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में आपने संगठन की अखंडता, पारदर्शिता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए सतर्कता को सुधारात्मक और रचनात्मक उपकरण के रूप में उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा सतर्कता प्रणाली सॉफ्टवेयर (श्रर) को लागू किया। इन प्रयासों की सराहना करते हेतु वर्ष 2013 में आपको माननीय रेल मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

श्री मीना ने INSEAD, सिंगापुर और ICLIF, मलेशिया में उन्नत प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम और करइ, हैदराबाद में रणनीतिक प्रबंधन कार्यशाला में भाग लिया है।

ये योगदान भारतीय रेल को उच्च सुरक्षा मानकों और उन्नत, स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकी प्रणालियों के साथ परिवहन में वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित करने की व्यापक रणनीति के हिस्सा हैं।

## तीन माह में पश्चिम मध्य रेल ने 14 मिलियन टन से अधिक माल लदान किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर ।पश्चिम मध्य रेल ने माल लदान में वृद्धि दर्ज करते हुए चालू वित्तीय वर्ष के तीसरे माह में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग तथा परिचालन विभाग के संयुक्त प्रयासों से चालू वित्तीय वर्ष के तीसरे माह जून 2025 में 4.85 मिलियन टन माल लदान किया, जो गत वित्तीय वर्ष जून 2024 में 4.55 मिलियन टन से लगभग 7 प्रतिशत अधिक रहा। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल गुड्स लोडिंग में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जून 2025 तक कुल 14.39 मिलियन टन माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 13.84 मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि लगभग 4 प्रतिशत अधिक है। फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा देने के लिए पमरे मुख्यालय और तीनों मंडलों में व्यापार विकास इकाइयां (बीडीयू) के तहत नये लोडिंग स्ट्रीम से माल यातायात को बढ़ावा दिया जा रहा है। माल व्यापारियों के साथ निरंतर बैठकें की जाती हैं ।इसके साथ मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्कर को बढ़ाया गया और साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है। कई माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई। नए माल गोदामों को विकसित करके उन्नयन कार्य किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल में मुख्यालय एवं तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा द्वारा फ्रेट लोडिंग वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।



## 'आई लव यू' बोलना सेक्सुअल हैरासमेंट नहीं... बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने आरोपी को बरी किया

नागपुरः बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने पॉक्सो एक्ट के तहत एक आदमी की सजा रद्द की। अदालत ने कहा कि 'आई लव यू' कहना केवल भावना की अभिव्यक्ति है और अपने आप में सेक्सुअल हैरासमेंट के बराबर नहीं है। जस्टिस उर्मिला जोशी-फाल्के की बेंच ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी 35 वर्षीय व्यक्ति को बरी कर दिया ।कोर्ट ने क्या कहामामले की सुनवाई करते हुए बेंच ने अपने आदेश में कहा कि किसी भी यौन कृत्य में अनुचित स्पर्श, जबरन कपड़े उतारना, अभद्र इशारे या महिला की गरिमा का अपमान करने के इरादे से की गई


**मध्य रेल**
**सोलापुर विभाग**
**विद्युत कार्य**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेलवे की ई प्रोक्युरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.:** सोला/वि/नि/2025/10. **कार्य का नाम:** सोलापुर डिवीजन के 1) कुर्डुवाड़ी रेलवे स्टेशन के गुड्स शेड में सर्कुलेटिंग एरिया और पहुंच मार्ग के विकास 2) भिगवन रेलवे स्टेशन के गुड्स शेड में सर्कुलेटिंग एरिया और पहुंच मार्ग के कार्य संबंध में विद्युत सामान्य सेवा भाग का कार्य। **कार्य की लागत:** रु.3583579.06/–; **बोली प्रतिभूति:** रू 71,700/–; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 माह; **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन ; **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय:** दि. 25/07/2025 को 15.00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई–पेमेंट द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर करना है।

**Tender No. SUR/L/T/2025/10.**
**Sr.DEE(G)/SUR**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे SLP-49



**पश्चिम रेलवे-वडोदरा मंडल**

**ठेकेदार के अपने गेज फेस लुब्रिकेटर द्वारा कर्वस का ल्युब्रिकेशन**

**ई-निविदा सूचना संख्या: DRM-BRC 065 of 2025-26;** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (WA/C), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा - 390 004 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं. (1) निविदा सं. एवं कार्य का नाम: DRM BRC 065 of 2025-26.** वडोदरा मंडल में पांच वर्ष की अवधि के लिए ठेकेदार के अपने गेज फेस लुब्रिकेटर द्वारा रखरखाव सहित कर्वस का ल्युब्रिकेशन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 19,50,08,083.20/- **बोली सुरक्षा जमा कराना:** ₹ 11,25,100.00/- **निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय:** निविदाएं दि. **23.07.2025** को **15.00 बजे** से पहले जमा कराना है और उसी दिन **15.30 बजे** खोली जाएगी। **वेबसाइट विवरण और सूचना बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण देख सकते हैं:** वेबसाइट @ **www.ireps.gov.in** मंडल रेल प्रबंधक (WA/C) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा - 390 004.

088

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


## सेवा नगर में खुले बिजली तार से नंदी की मौत

गाजियाबाद, मेरठ रोड स्थित सेवा नगर में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। ट्रांसफॉर्मर वाली गली के बाहर खुले तारों में करंट लगने से एक नंदी की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक नंदी जब गली से गुजर रहा था, तभी खुले बिजली के तारों की चपेट में आ गया। करंट लगते ही मौके पर ही उसकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि इस गली में बिजली के तार लंबे समय से खुले पड़े थे।


**मध्य रेल**
**सोलापुर विभाग**
**विद्युत कार्य**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए – ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेलवे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.:–** सोला /वि/नि/2025/01 (R). **कार्य का नाम:** तीन वर्ष की अवधि के लिए सोलापुर मंडल में डीजी सेटों की स्थिति की निगरानी और रखरखाव। (पुनः आमंत्रण). **कार्य की लागत:** रू. 29,66,713.29/–; **बयाना राशि:** रू 59300/–; **कार्य पुरा करने की अवधि:** 36 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन ; **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय:** दि. 25/07/2025 को 15.00 बजे।

**Tender No. SUR/L/T/2025/01(R)**
**Sr.DEE/SUR**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे SLP-48



**16/07/2025 से ट्रेन संख्या 22949 बांद्रा टर्मिनस – दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट एक्सप्रेस के समय में संशोधन**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | संशोधित समय | |
|---|---|---|---|
| | | प्रस्थान | आगमन |
| 22949 | बांद्रा टर्मिनस – दिल्ली सराय रोहिल्ला | 14:40 बजे | कोई परिवर्तन नहीं |

**ठहरावों, रुकने के समय और संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।**

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly | instagram.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

# थाइलैंड में कोर्ट ने पीएम को पद से हटाया

## कंबोडिया के नेता से बात करते हुए आर्मी चीफ की आलोचना की थी; अब डिप्टी पीएम पद संभालेंगे

एजेंसी

बैंकॉक, थाईलैंड के संवैधानिक न्यायालय ने पीएम पाइतोंग्तार्न शिनावात्रा को उनके पद से सस्पेंड कर दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने कंबोडिया के नेता हुन सेन से फोन पर बातचीत की थी। इस बातचीत में उन्होंने थाई सेना के कमांडर की आलोचना की थी। इसे थाईलैंड में गंभीर मामला माना जाता है क्योंकि सेना का वहां काफी प्रभाव है। इस बातचीत के लीक होने के बाद देशभर में गुस्सा फैल गया था। कोर्ट ने 7-2 के अंतर से पीएम को पद से हटाया। कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ शिकायत की जांच की जाएगी। अगर वह दोषी पाई गईं तो उन्हें हमेशा के लिए पद से हटाया जा सकता है। पीएम ने खिलाफ नैतिकता के उल्लंघन का मामला स्वीकार कर लिया है और अब जांच पूरी होने तक वह प्रधानमंत्री के पद पर काम नहीं कर सकेंगी। जब तक इस मामले पर अंतिम फैसला नहीं होता, तब तक डिप्टी पीएम फुमथम वेचायाचाई सरकार चलाएंगे। सहयोगी पार्टी ने साथ छोड़ा,



अब सरकार पर संकट इस कॉल के लीक होने से सरकार पर भारी दबाव

बना हुआ है। एक बड़ी पार्टी गठबंधन छोड़ चुकी है, जिससे गठबंधन बहुमत कमजोर हो गया है। पाइतोंग्तार्न ने माफी मांगते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणी सिर्फ विवाद सुलझाने के लिए थी। पाइतोंग्तार्न ने कहा है कि वह कोर्ट की प्रक्रिया का सम्मान करेंगी और उसे मानेंगी, लेकिन उन्होंने यह भी माना कि वह चिंतित हैं। इस बीच पाइतोंग्तार्न के खिलाफ भ्रष्टाचार आयोग भी जांच कर रहा है, जिससे उन पर पद से हटाए जाने का खतरा और बढ़ गया है। वहीं, थाई राजा ने उनके मंत्रिमंडल में बदलाव को मंजूरी दी है। नए फेरबदल में कुछ पुराने मंत्रियों को हटाकर नए लोगों को शामिल किया गया है। इस बीच पाइतोंग्तार्न ने खुद को संस्कृति मंत्री बना लिया है। उन्होंने कहा कि वह थाई संस्कृति को दुनिया भर में पहचान दिलाने पर काम करेंगी। थाईलैंड और कंबोडिया दुनिया के सबसे अच्छे पड़ोसी देशों में से माने जाते थे। कुछ साल पहले तक दोनों देशों के नेताओं का मानना था कि उनकी दोस्ती कभी नहीं टूटेगी, क्योंकि वे एक लंबी सीमा साझा करते हैं और मिलकर आगे बढ़ना उनके लिए जरूरी है। लेकिन हाल के समय में हालात बदल गए और उनके बीच तनाव काफी बढ़ गया है। 28 मई को सीमा पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच भिड़ंत हुई, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। यह वो जगह है थाईलैंड, कंबोडिया और लाओस की सीमाएं मिलती हैं। थाईलैंड और कंबोडिया दोनों ही इस इलाके पर दावा करते हैं। सैनिक की मौत से नाराज होकर कंबोडिया के नेता हुन सेन ने सीमा पर और सैनिक और हथियार भेजने का आदेश दिया, उन्होंने कहा कि वे युद्ध नहीं चाहते, लेकिन हमला होने पर जवाब देना पड़ेगा। थाई पीएम ने इसके जवाब में कहा कि थाईलैंड ऐसी किसी धमकी को बर्दाश्त नहीं करेगा।

इसके बाद कंबोडिया ने धमकी दी कि वह इस विवाद को अंतरराष्ट्रीय अदालत में ले जाएगा, लेकिन थाईलैंड ने यह कहकर इनकार कर दिया कि वह अदालत के अधिकार को नहीं मानता। इसके बाद थाईलैंड ने कंबोडिया की बिजली और इंटरनेट सेवा रोकने की धमकी दी, तो कंबोडिया ने थाई टीवी और फिल्मों पर बैन लगा दिया और थाई प्रोडक्ट्स के आयात पर रोक लगा दी।

# तुर्किये में पैगंबर मोहम्मद के कथित कार्टून पर विवाद

## मिसाइलों की बारिश के बीच मूसा से हाथ मिलाते दिखे, कार्टूनिस्ट समेत 4 गिरफ्तार

एजेंसी

अंकारा, तुर्किये में पैगंबर मोहम्मद का कार्टून छपने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, लेमैन मैगजीन ने 26 जून को एक कार्टून पब्लिश किया था, जिसमें पैगंबर मोहम्मद और पैगंबर मूसा जैसे दिखने वाले दो शख्स को आसमान से गिरती मिसाइलों के बीच हवा में हाथ मिलाते हुए दिखाया गया था। इस कार्टून के सामने आने के बाद पूरे तुर्किये में लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने इस्तांबुल में लेमैन मैगजीन के ऑफिस के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वे दांत के बदले



दांत, खून के बदला खून के नारे लगा रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने, जो एक इस्लामिक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं, पत्रिका के दफ्तर पर पत्थरबाजी भी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट डोगन पहलवान को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा लेमैन के चीफ एडिटर, मैनेजिंग एडिटर और ग्राफिक डिजाइनर की भी गिरफ्तारी हुई है। घटना के बाद तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने बयान जारी कर कहा कि यह प्रेस की आजादी या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि धार्मिक भावनाओं का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। तुर्किये के न्याय मंत्री यिलमाज टुंक ने कहा कि इस तरह के कार्टून धार्मिक भावनाओं और सामाजिक सौहार्द का अपमान करते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि कोई भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बहाना बनाकर किसी धर्म के प्रतीकों का अपमान नहीं कर सकता। गृह मंत्री येरलिकाया ने कहा कि वे पैगंबर साहब का मजाक उड़ाने वाले इस शर्मनाक कार्टून की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें हमारे धार्मिक भावनाओं का अपमान करती हैं। मुसलमानों के दिल को ठेस पहुंचाती हैं। ये काम लोगों को भड़काने वाले हैं और जो ऐसा करने की कोशिश करेंगे, उन्हें कानून के सामने जवाब देना होगा। उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें कार्टूनिस्ट को हथकड़ी लगाकर सीढ़ियों पर ले जाया जा रहा है।

# ट्रम्प बोले-सब्सिडी बंद की तो मस्क को अफ्रीका लौटना पड़ेगा

## दुकान बंद हो जाएगी, फिर न कार बनेगी, न सैटेलाइट लॉन्च होंगे

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को टेस्ला के सीईओ इलॉन मस्क पर तंज कसा। उन्होंने कहा- अगर मस्क को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाए, तो उनको अपनी दुकान (कंपनी) बंद करके दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ेगा। ट्रम्प के कहा कि सब्सिडी बंद होने से न तो टेस्ला इलेक्ट्रिक कार का प्रोडक्शन कर पाएगी, न ही स्पेसएक्स के रॉकेट, सैटेलाइट लॉन्च होंगे। ट्रम्प ने दावा किया कि मस्क को सरकारी सब्सिडी के तौर पर इतना पैसा मिला है, जितना शायद किसी और को नहीं मिला। उन्होंने सुझाव दिया कि डीओजीई इस मामले की डिटेल जांच करे। इससे देश का पैसा बचेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- मस्क को राष्ट्रपति पद के लिए मेरा समर्थन करने से बहुत पहले ही पता था कि मैं ई.वी मैंडेट के खिलाफ हूं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां अच्छी हैं, लेकिन हर इंसान को इन्हें खरीदने के लिए मजबूर करना गलत है। दरअसल, इलॉन मस्क ने शनिवार को ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल की एक बार फिर से आलोचना की थी। मस्क ने शनिवार को एक्स पर लिखा था- ट्रम्प का यह बिल अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा। मस्क ने कहा, यह पूरी तरह पागलपन से भरा और विनाशकारी है। यह कानून पुराने उद्योगों को रियायत देता है, लेकिन भविष्य के उद्योगों को तबाह कर देगा। मस्क ने पिछले महीने इस बिल को लेकर ट्रम्प प्रशासन में गवर्नमेंट



एफिशिएंसी विभाग के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था। अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल को चर्चा के लिए मंजूरी दे दी है। शनिवार देर रात हुई वोटिंग में सीनेट ने 51-49 वोटों के अंतर से एक प्रस्ताव पारित किया, जिससे सदन को बिल पर बहस शुरू करने की इजाजत मिल गई।

दो रिपब्लिकन सीनेटरों ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट दिया। वोटिंग के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस मौजूद थे क्योंकि टाई की स्थिति में उनके वोट करने की जरूरत पड़ सकती थी। ट्रम्प टैक्स और खर्च में कटौती करने वाले इस बिल को 4 जुलाई से पहले पारित कराना चाहते हैं। ट्रम्प और मस्क दो महीने पहले बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर आमने-सामने आ गए थे। ट्रम्प इस बिल के समर्थन में हैं, जबकि मस्क खिलाफ। ट्रम्प का दावा है कि यह देशभक्ति से भरा हुआ कानून है। इसके पारित होने से अमेरिका में निवेश बढ़ेगा और चीन पर निर्भरता घटेगी। जबकि मस्क इसे पोर्क फिल्ड यानी कि बेकार खर्चों से भरा बिल मानते हैं। ट्रम्प और मस्क के बीच 5 जून को बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर बहस तब शुरू हुई जब ट्रम्प ने मीडिया से बात करते हुए मस्क को लेकर नाराजगी जताई थी। ट्रम्प ने कहा था कि जब हमने अनिवार्य तौर पर इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के कानून में कटौती करने की बात कही तो मस्क को दिक्कत होने लगी। मैं इलॉन से बहुत निराश हूं। मैंने उनकी बहुत मदद की है। इसके बाद मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रम्प को एहसान फरामोश बताते हुए लगातार कई ट्वीट किए। मस्क ने कहा कि मैं नहीं होता तो ट्रम्प चुनाव हार जाते। उन्होंने ट्रम्प पर महाभियोग चलाने तक की बात कही थी।

# हिंदू युवती से दुष्कर्म मामले में बांग्लादेश में विरोध तेज

## आरोपियों ने रेप का वीडियो बनाकर वायरल किया; पुलिस ने एक्सट्रामैरिटल अफेयर बताने की कोशिश की

एजेंसी

ढाका, कुमिल्ला के मुरादनगर में 26 जून 2025 को 21 वर्षीय हिंदू युवती के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर देशभर में प्रदर्शन और सियासत तेज हो गई है। एक ओर जहां हिंदू संगठनों और मानवाधिकार संगठनों ने देशभर के कई शहरों में उग्र प्रदर्शन किया। उधर, राजनीतिक दलों में इस घटना पर विवाद छिड़ गया। पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग और पूर्व पीएम खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने आरोपी फजोर अली को एक-दूसरे का नेता बताकर आरोप लगाए। जमात-ए-इस्लामी ने भी इस मामले में बीएनपी को निशाना बनाया। पहले बांग्लादेश पुलिस और यूनुस समर्थकों ने इस मामले को एक्सट्रामैरिटल अफेयर



बताने की कोशिश की। वहीं, कुमिल्ला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एकेएम कमरुज्जमां ने जांच में इसे क्रूर यातना का मामला बताया। उन्होंने कहा कि पीड़ित सरल स्वभाव की है और एक्सट्रामैरिटल अफेयर का कोई सबूत नहीं मिला। इसके बाद अल्पसंख्यक समुदाय में गुस्सा फैल गया। ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों ने रात में विरोध मार्च निकाला। सात जिलों में हिंदू समुदाय ने मानव श्रृंखला बनाकर न्याय की मांग की। हाईकोर्ट ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पीड़ित की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया। जस्टिस फहमिदा कादर और जस्टिस सैयद जाहिद मंसूर की बेंच ने रविवार को एक रिट याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद यह निर्देश जारी किया। कोर्ट ने सभी सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से पीड़ित के वीडियो और तस्वीरें 24 घंटे के भीतर हटाने का आदेश दिया। पीड़ित को चिकित्सा और सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत-पाकिस्तान के बीच होगी बातः कैदियों और मछुआरों की लिस्ट का आदान-प्रदान

एजेंसी

नई दिल्लीः भारत और पाकिस्तान ने मंगलवार को राजनयिक चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे की हिरासत में मौजूद नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूचियों का आदान-प्रदान किया. 2008 में हुए द्विपक्षीय काउंसलर एक्सेस समझौते के प्रावधानों के तहत ऐसी सूचियों का आदान-प्रदान हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को किया जाता है. विदेश मंत्रालय ने कहा, ₹भारत ने अपनी हिरासत में 382 नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों के नाम साझा किए हैं, जो पाकिस्तानी हैं या जिनके बारे में माना जाता है कि वे पाकिस्तानी नागरिक हैं.


**पश्चिम रेलवे**

**निरस्तीकरण सूचना**

निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/91, दिनांक : 17.06.2025, डीओपी : 15.07.2025 को तकनीकी कारण से निरस्त कर दिया गया है. अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी. 0350

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/103, दिनांक : 27.06.2025. कार्य एवं स्थान** : उकाई सोनगढ़ – जलगांव अनुभाग : नंदुरबार में सीएचआई स्टाफ कार्यालय हेतु स्टोर एवं चार्जिंग कक्ष का निर्माण कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 86,14,020.64. **ईएमडी** : रु. 1,72,300/-. **जमा करने की अंतिम तिथि व समय** : 22.07.2025 को 15.00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि व समय** : 22.07.2025 को 15.30 बजे. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0344

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**मरम्मत कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंज़िल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/102, दिनांक : 27.06.2025. कार्य का नामः (1) लोअर परेल वर्कशॉप : जंबो यार्ड में मीज़ानाइन फ्लोरिंग का प्रावधान तथा ट्रावर्सर, बायो टैंक, सीआर शॉप में सड़क की मरम्मत के साथ-साथ बोगी, फिटिंग, व्हील व अन्य क्षेत्रों में ड्रेनेज व्यवस्था का कार्य. आरबी शॉप एवं कार्यशाला के विभिन्न स्थानों पर आंतरिक पेंटिंग और स्टील पेंटिंग कार्य तथा फिआट शॉप, बोगी शॉप व व्हील शॉप में हार्डोनाइट फ्लोरिंग का प्रावधान. (2) एमएम डिपो से लोअर परेल वर्कशॉप में वेट ब्रिज को हटाने व पुनः स्थापित करने का प्रस्ताव. कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 2,04,40,817.82/-, **ईएमडी** : रु. 2,52,200/- , **निविदा जमा करने की तिथि व समय** : 25.07.2025 को 15.00 बजे तक, निविदा खोलने की तिथि व समय : 25.07.2025 को 15.30 बजे. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अवश्य जाएं. 0340

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंज़िल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| अ. क्र. | निविदा सूचना क्र. व दिनांक | कार्य व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | ईएमडी (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीसीटी/25-26/121, दिनांक 27.06.2025 | जोन 10ए – जोरावासन-सूरत खंड : किमी 212 से किमी 250.59 तक जोरावसन (समेत) से सचिन (समेत) तक तथा बिलिमोरा-वाघई नैरो गेज खंड (किमी 0.0 से 62.50) में बिलिमोरा (रहित) से वाघई (समेत) तक एसएसई/डब्ल्यू/बिलिमोरा के कार्यक्षेत्र में सामान्य मरम्मत व पेंटिंग, सफेदी, रंगाई, डिस्टेंपर, पॉलिशिंग आदि का कार्य. | रु. 44,60,854.50 | रु. 89,200.00 |
| 2 | बीसीटी/25-26/122, दिनांक 27.06.2025 | जोन 11ए – जोरावासन-सूरत खंड : एसएसई/डब्ल्यू/सूरत के कार्यक्षेत्र में किमी 250.59 से किमी 268.89 तक सचिन (रहित) से सूरत (समेत) तक सामान्य मरम्मत व पेंटिंग, सफेदी, रंगाई, डिस्टेंपर, पॉलिशिंग आदि का कार्य. | रु. 1,03,00,793.20 | रु. 2,01,500.00 |
| 3 | बीसीटी/25-26/123, दिनांक 27.06.2025 | जोन 11बी – जोरावासन-सूरत खंड : एडीईएन/एसटी खंड में पुलों के लिए सामान्य मरम्मत, पेंटिंग आदि. | रु. 93,28,356.90 | रु. 1,86,600.00 |
| 4 | बीसीटी/25-26/124, दिनांक 27.06.2025 | जोन 12ए – उधना-उकाई सोनगढ़ खंड : एसएसई (डब्ल्यू), व्यारा के कार्यक्षेत्र में किमी 0.00 से 77.60 तक उधना (रहित) से उकाई सोनगढ़ (समेत) तक सामान्य मरम्मत व पेंटिंग, सफेदी, रंगाई, डिस्टेंपर, पॉलिशिंग आदि का कार्य. | रु. 43,41,273.00 | रु. 86,800.00 |
| 5 | बीसीटी/25-26/125, दिनांक 27.06.2025 | जोन 12बी – उधना-उकाई सोनगढ़ खंड : एईएन-व्यारा के कार्यक्षेत्र में किमी 3.180 से 77.60 तक उधना (रहित) से उकाई सोनगढ़ (समेत) तक पुलों के लिए सामान्य मरम्मत, पेंटिंग आदि का कार्य. | रु. 60,00,000.00 | रु. 1,20,000.00 |

**सभी उपरोक्त निविदाओं हेतु जमा करने की अंतिम तिथि व समय** : 25.07.2025 को 15.00 बजे तक

**खोलने की तिथि व समय** : 25.07.2025 को 15.30 बजे

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अवश्य जाएं. मैनुअल निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. 0341

Like us on : facebook.com/WesternRly | Follow us on : twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंज़िल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| अ. क्र. | निविदा क्र. व दिनांक | कार्य व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | ईएमडी (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीसीटी/25-26/126, दिनांक 27.06.2025 | 13/एः उकाई-सोनगढ़ - जलगांव खंडः एसएसई (डब्ल्यू), नवापुर के कार्यक्षेत्र में किमी 77.60 से किमी 154.622 के बीच उकाई सोंगधड़ (रहित) से नंदुरबार (रहित) तक सामान्य मरम्मत एवं पेंटिंग, सफेदी, रंगाई, डिस्टेंपर, पॉलिशिंग आदि का कार्य. | रु. 59,58,710.81 | रु.1,19,200.00 |
| 2 | बीसीटी/25-26/127, दिनांक 27.06.2025 | 14/एः उकाई-सोनगढ़ - जलगांव खंडः एसएसई (डब्ल्यू), नंदुरबार के कार्यक्षेत्र में किमी 154.622 से किमी 212.482 के बीच नंदुरबार (समेत) से सिंधखेड़ा (समेत) तक) सामान्य मरम्मत एवं पेंटिंग, सफेदी, रंगाई, धुलाई, डिस्टेंपर, पॉलिशिंग आदि का कार्य. | रु. 1,22,60,172.51 | रु. 2,11,300.00 |
| 3 | बीसीटी/25-26/128, दिनांक 27.06.2025 | 15/एः उधना - जलगांव खंडः एसएसई (डब्ल्यू), अमलनेर के कार्यक्षेत्र में किमी 212.482 से किमी 301.470 के बीच सिंधखेड़ा (रहित) से जलगांव (रहित) तक सामान्य मरम्मत एवं पेंटिंग, सफेदी, रंगाई, डिस्टेंपर, पॉलिशिंग आदि का कार्य. | रु. 95,02,485.44 | रु.1,90,100.00 |
| 4 | बीसीटी/25-26/129, दिनांक 27.06.2025 | जोन नं. 14/बीः उकाई-सोनगढ़ - जलगांव खंडः एडीईएन/नंदुरबार के कार्यक्षेत्र में किमी 77.60 से किमी 212.482 के बीच उकाई सोनगढ़ (रहित) से सिंधखेड़ा (समेत) तक पुलों की सामान्य मरम्मत, पेंटिंग आदि का कार्य. | रु. 60,00,000.00 | रु. 1,20,000.00 |
| 5 | बीसीटी/25-26/130, दिनांक 27.06.2025 | जोन नं. 15/बीः उकाई-सोनगढ़ - जलगांव खंडः एडीईएन/अमलनेर के कार्यक्षेत्र में किमी 212.482 से किमी 301.470 के बीच सिंधखेड़ा (रहित) से जलगांव (समेत) तक पुलों की सामान्य मरम्मत, पेंटिंग आदि का कार्य. | रु. 60,00,000.00 | रु. 1,20,000.00 |

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिएः

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय** : 25.07.2025 को 15.00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि व समय** : 25.07.2025 को 15.30 बजे प्रत्येक हेतु. विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं. मैनुअल निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. 0343

Like us on : facebook.com/WesternRly | Follow us on : twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विविध कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंज़िल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| अ. क्र. | निविदा सूचना क्र. व दिनांक | कार्य व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | ईएमडी (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीसीटी/25-26/105, दिनांक 27.06.2025 | जोन 3ए-1 : एडीईएन (डब्ल्यू-एस)-बांद्रा अंतर्गत एसएसई (II) - मुंबई सेंट्रल के कार्यक्षेत्र में मरीन लाइन्स - खार खंड में नए कार्य व सामान्य मरम्मत कार्य. | रु. 75,00,000.00 | रु. 1,50,000.00 |
| 2 | बीसीटी/25-26/106, दिनांक 27.06.2025 | जोन 3ए-2 : एडीईएन (डब्ल्यू-एस)-बांद्रा अंतर्गत एसएसई (डब्ल्यू)-बीएएमवाई के कार्यक्षेत्र में नए कार्य व सामान्य मरम्मत कार्य. | रु. 99,75,331.09 | रु. 1,99,500.00 |
| 3 | बीसीटी/25-26/107, दिनांक 27.06.2025 | जोन 4ए : एडीईएन (ईस्ट-एस)-लोअर परेल अंतर्गत एसएसई (डब्ल्यू-II)-लोअर परेल, एसएसई (डब्ल्यू-I)-पीएल तथा एसएसई (डब्ल्यू)-माटुंगा रोड के कार्यक्षेत्र में नए कार्य व सामान्य मरम्मत कार्य. | रु. 93,22,739.35 | रु. 1,86,500.00 |
| 4 | बीसीटी/25-26/108, दिनांक 27.06.2025 | जोन 4ए-1 : एडीईएन (डब्ल्यू-एस)-बांद्रा अंतर्गत एसएसई (डब्ल्यू)-पाली हिल के कार्यक्षेत्र में नए कार्य व सामान्य मरम्मत कार्य. | रु. 74,58,191.47 | रु. 1,49,200.00 |
| 5 | बीसीटी/25-26/109, दिनांक 27.06.2025 | जोन 4ए-2 : एसएसई (डब्ल्यू-II)-लोअर परेल के कार्यक्षेत्र में (केवल एमएक्स ईएमयू वर्कशॉप हेतु) नए कार्य व सामान्य मरम्मत कार्य. | रु. 69,92,054.51 | रु. 1,39,900.00 |
| 6 | बीसीटी/25-26/110, दिनांक 27.06.2025 | जोन 5 : एडीईएन (ईस्ट-एस)-लोअर परेल अंतर्गत एसएसई (डब्ल्यू)-लोअर परेल के कार्यक्षेत्र में नए कार्य व सामान्य मरम्मत कार्य. | रु. 67,88,991.68 | रु. 1,35,800.00 |
| 7 | बीसीटी/25-26/111, दिनांक 27.06.2025 | जोन 6ए-1 – सांताक्रूज – विरार खंड : एसएसई (डब्ल्यू-II)-बोरीवली के कार्यक्षेत्र में सांताक्रूज (समेत) से विरार (समेत) तक के खंड में समस्त स्टेशन भवन, स्टेशन परिसर, सेवा भवन आदि की सामान्य मरम्मत, पेंटिंग, सफेदी, रंगाई, डिस्टेम्परिंग, पॉलिशिंग आदि जिनमें कर्मचारी क्वार्टर्स, कॉलोनियों, एफओबी, आरओबी शामिल नहीं है. | रु. 88,56,602.37 | रु. 1,77,100.00 |
| 8 | बीसीटी/25-26/112, दिनांक 27.06.2025 | जोन 6ए-2- सांताक्रूज-विरार खंड : एसएसई (डब्ल्यू)-सांताक्रूज के कार्यक्षेत्र में खार से अंधेरी एवं जोगेश्वरी साउथ कॉलोनी तक, जिसमें रेलवे क्वार्टर्स/कॉलोनी शामिल है, में सामान्य मरम्मत, पेंटिंग, सफेदी, रंगाई, डिस्टेम्परिंग, पॉलिशिंग आदि. | रु. 69,92,054.50 | रु. 1,39,900.00 |
| 9 | बीसीटी/25-26/113, दिनांक 27.06.2025 | जोन 7ए – सांताक्रूज – विरार खंड : एसएसई (डब्ल्यू) बोरीवली के कार्यक्षेत्र में जोगेश्वरी से विरार तक रेलवे क्वार्टर्स/कॉलोनी में सामान्य मरम्मत, पेंटिंग, सफेदी, रंगाई, डिस्टेम्परिंग पॉलिशिंग आदि. | रु. 65,25,917.53 | रु. 1,30,500.00 |
| 10 | बीसीटी/25-26/114, दिनांक 27.06.2025 | जोन 7ए-1 – सांताक्रूज – विरार खंड : एसएसई (डब्ल्यू) बोरीवली के कार्यक्षेत्र में कांदिवली व विरार कारशेड हेतु सामान्य मरम्मत, पेंटिंग, सफेदी, रंगाई, डिस्टेम्परिंग पॉलिशिंग आदि. | रु. 46,61,369.67 | रु. 93,200.00 |
| 11 | बीसीटी/25-26/115, दिनांक 27.06.2025 | जोन-ए : चर्चगेट – विरार खंड : एसई (डब्ल्यू) बधवार पार्क के कार्यक्षेत्र में कोलाबा में बधवार पार्क क्षेत्र में रेलवे अधिकारियों के फ्लैट्स/ क्वार्टर्स, सभी मनोरंजन भवनों आदि सहित बधवार पार्क कॉलोनी में सामान्य मरम्मत कार्य. | रु. 75,54,489.00 | रु. 1,51,100.00 |
| 12 | बीसीटी/25-26/116, दिनांक 27.06.2025 | जोन-बी-चर्चगेट – विरार खंड : चर्चगेट में चर्चगेट रेलवे क्वार्टर्स सहित चर्चगेट स्टेशन कॉम्प्लेक्स जिसमें सभी रेलवे कार्यालय शामिल हैं, पश्चिम रेलवे मुख्यालय कार्यालयों, सेवा भवनों सहित चर्चगेट (सहित) से मरीन (रहित) अनुभाग में एसई (डब्ल्यू) चर्चगेट के कार्यक्षेत्र में सामान्य मरम्मत के कार्य. | रु. 84,85,888.31 | रु. 1,69,700.00 |
| 13 | बीसीटी/25-26/117, दिनांक 27.06.2025 | जोन-सी – चर्चगेट – विरार खंड : एसएसई (डब्ल्यू-I)-मुंबई सेंट्रल के कार्यक्षेत्र में मुंबई सेंट्रल में मुंबई सेंट्रल स्टेशन (मुख्य), जे.आर. हॉस्पिटल, जे. आर. हॉस्पिटल में क्वार्टर्स, आग्रीपाडा कॉलोनी, स्कायस्क्रेपर, 14 अधिकारी फ्लैट, आरक्षण कार्यालय, डीआरएम कार्यालय व सेवा भवनों की सामान्य मरम्मत व पेंटिंग. | रु. 69,94,871.56 | रु. 1,39,900.00 |
| 14 | बीसीटी/25-26/118, दिनांक 27.06.2025 | जोन - हॉर्टिकल्चर : चर्चगेट - विरार खंड : उद्यान विकास, खाद, बीज, पौधे, गमले, उद्यान उपकरण व अन्य सामग्री की आपूर्ति. | रु. 30,97,259.86 | रु. 62,000.00 |
| 15 | बीसीटी/25-26/119, दिनांक 27.06.2025 | जोन 3सी-1 – मरीन लाइंस-अंधेरी खंड : एसएसई (ब्रिज)-लोअर परेल के कार्यक्षेत्र में मरीन लाइन्स (समेत) से अंधेरी स्टेशन (रहित) तक के खंड में केवल एफओबी, आरओबी हेतु सामान्य मरम्मत, पेंटिंग आदि. | रु. 63,30,678.90 | रु. 1,26,600.00 |
| 16 | बीसीटी/25-26/120, दिनांक 27.06.2025 | जोन 3सी-2-अंधेरी-विरार खंड : एसएसई (ब्रिज)-बोरीवली के कार्यक्षेत्र में अंधेरी (समेत) और विरार (समेत) तक के खंड में केवल एफओबी, आरओबी हेतु सामान्य मरम्मत, पेंटिंग आदि. | रु. 58,86,925.50 | रु. 1,17,700.00 |

सभी उपरोक्त निविदाओं हेतु

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय** : 25.07.2025 को 15.00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि व समय** : 25.07.2025 को 15.30 बजे. विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. मैनुअल निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. 0346

Like us on: facebook.com/WesternRly | Follow us on: X.com/WesternRly 0346

## संक्षेप

### राशन में हेराफेरी और कार्डधारकों से दुर्व्यवहार

**पलिया में कोटेदार पर मुकदमा, डीएसओ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का वीडियो वायरल**

सुलतानपुर, एक कोटेदार के खिलाफ राशन में हेराफेरी और कार्डधारकों से दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। विकास खंड पलिया के कोटेदार राजेश कुमार ने राशन वितरण के दौरान कार्डधारकों से गाली-गलौज की। कार्डधारक जब गेहूं-चावल लेने पहुंचे, तो उन्होंने कोटेदार द्वारा की जा रही घटतौली का वीडियो बना लिया। इससे नाराज कोटेदार ने कार्डधारकों के साथ-साथ जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य के खिलाफ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिलाधिकारी हर्ष कुमार ने वीडियो का संज्ञान लेकर कार्रवाई के आदेश दिए। धम्मौर थाने में कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के राशन में हेराफेरी की पुष्टि हुई है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जनसमर्थन

**कादीपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया पौधरोपण, कई लोग रहे मौजूद**

सुलतानपुर, प्रधानमंत्री द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जनसमर्थन मिल रहा है। सुलतानपुर के कादीपुर नगर क्षेत्र में होलिका दहन स्थल पर इस अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगरपंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी और पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम ने भाग लिया। सभासद बृजेश सिंह, अज्जू कुरैशी, शैलेन्द्र उपाध्याय और शिवम् अग्रहरि सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने बताया कि यह अभियान देश में वृक्षों की संख्या बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करना और जैव विविधता को बढ़ावा देना है। अभियान की खास बात यह है कि इसमें पेड़ को मां के समान माना जाता है। लोगों से अपील की जाती है कि वे एक पेड़ लगाकर अपनी मां को समर्पित करें।

### एसडीएम ने किया गो-आश्रय का निरीक्षण

**193 गोवंश की देखभाल और चारे की व्यवस्था का लिया जायजा, दस्तावेजों की जांच की**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर के नवागत एसडीएम प्रभात कुमार सिंह ने मंगलवार को मलिकपुर बखरा स्थित अस्थाई गो-आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। गो-आश्रय में 193 गोवंश मौजूद मिले। इनमें 79 नर और 114 मादा गोवंश शामिल हैं। एसडीएम ने गो-आश्रय में चारे की उपलब्धता की जांच की। यहां करीब 100 कुंतल भूसा और पर्याप्त मात्रा में हरा चारा मौजूद था। गोवंशों की देखरेख, स्वच्छता और रखरखाव की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

# स्कूल पहुंचे बच्चे तो सीडीओ ने तिलक लगा किया वेलकम

## प्रयागराज के परिषदीय विद्यालयों में पहले दिन बच्चों का अभिनंदन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, परिषदीय स्कूलों में आज नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन जब बच्चे पहुंचे तो स्कूलों में उनके टीचर उनका स्वागत किए। इसी क्रम में सीडीओ हर्षिका सिंह ने कंपोजिट विद्यालय आदर्श एलनगंज, नगर क्षेत्र में नव प्रवेशित छात्रों को माला पहनाकर रोली, टीका लगाकर उनका वेलकम किया। स्कूल आने पर उनका उत्साहवर्धन किया। सीडीओ ने निःशुल्क पुस्तकें एवं स्टेशनरी वितरण करते हुए शिक्षको एवं अभिभावको को अधिक से अधिक संख्या में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। सीडीओ ने विद्यालय से हरी झंडी दिखाकर आज एक जुलाई से स्कूल चलो अभियान की रैली को रवाना किया गया। उन्होंने विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं मातृत्व के महत्व को दशार्ते हुए एक पेड़ मां के नाम लगाकर स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के द्वितीय चरण का सफल शुभारंभ किया गया। सीडीओ हर्षिका सिंह ने कहा, विद्यालय पुनः खुलने पर विद्यालय परिसर की समुचित साफ-सफाई कराते हुए विद्यालय को सुन्दर एवं आकर्षक बनाया जाए। विद्यालय परिवार द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वागत किया जाय तथा इसे एक उत्सव का स्वरूप प्रदान किया जाय। इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं का विद्यालय के प्रति तथा विद्यालय के अध्यापकों के प्रति जुडाव पैदा होगा, जिसके फलस्वरूप विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति तथा पठन-पाठन गतिविधियों में सक्रियता एवं रूचि उत्पन्न होगी। विद्यालय को फूल, पत्तों, रंगोली, झंडियों, गुब्बारों आदि से सजाया जाएगा और विद्यालय आने वाले बच्चों को रोली-टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित किया जाए कि 6 से 14 आयु वर्ग का कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे। बीएसए देवव्रत सिंह प्रतिभा सिंह ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# 8 साल के बच्चे की डूबकर मौत

## ईंट-भट्टे के पास गड्ढे में कागज की नाव छोड़ते वक्त हादसा, 3 दोस्तों को बचाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, कसैयावर बमैला गांव में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। 8 वर्षीय बच्चे की गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवांशु कनौजिया के रूप में हुई है। करीब शिवांशु अपने तीन दोस्तों के साथ खेलने गया था। साथ में 10 वर्षीय आदित्य, 8 वर्षीय प्रियांशु और 8 वर्षीय नन्ही भारतीय थे। बच्चे घर से 400 मीटर दूर एक ईंट भट्टे के पास गए। वहां वे कागज की नाव बनाकर 8 फीट गहरे गड्ढे में छोड़ रहे थे। अचानक शिवांशु का पैर फिसल गया और वह गड्ढे में गिर गया। उसे बचाने के लिए तीनों दोस्त भी कूद पड़े। एक बच्चा बाहर निकलकर मदद के लिए दौड़ा। पास में खड़े एक व्यक्ति ने आकर तीन बच्चों को बचा लिया। लेकिन शिवांशु को बचाने में देर हो गई। शिवांशु प्राथमिक विद्यालय में पांचवीं कक्षा का छात्र था। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसका बड़ा भाई शिवा 12 वर्ष का और छोटा भाई दिव्यांशु 6 वर्ष का है। उसके पिता बराती लाल कनौजिया गुजरात में एक लॉन्ड्री की दुकान पर काम करते हैं। मां संगीता देवी और परिवार के अन्य सदस्य शोक में डूबे हैं।

पिता के आने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# अमेठी में शुरू हुआ वृक्षारोपण अभियान

**जिले में 43 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य, डीएम-एसपी ने नवग्रह वाटिका में किया पहला रोपण**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जिले में वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत हो गई है। गौरीगंज तहसील के ट्रांजिट हॉस्टल परिसर स्थित नवग्रह वाटिका में डीएम संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक ने पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। शासन स्तर से जिले को 43 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसमें वन विभाग को अकेले 20 लाख पौधे लगाने हैं। यह अभियान पूरे जुलाई माह तक चलेगा। शहर से लेकर गांव तक एक सप्ताह में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा। सुरक्षा पर दिया जा रहा ध्यान डीएम संजय चौहान ने बताया कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण रोकने के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण है। सभी विभागों को वृक्षारोपण अभियान से जुड़े निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश स्तर पर चल रहे इस अभियान में अमेठी की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी।

# 40 हजार प्राइमरी स्कूलों के विलय का विरोध

## अंबेडकर सेना ने ज्ञापन दिया, कहा- ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा होगी प्रभावित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों के विलय के विरोध में राष्ट्रीय अम्बेडकर सेना ने प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट उदय प्रताप कोरी और जिला अध्यक्ष संदीप रतन के नेतृत्व में मंगलवार को यह प्रदर्शन हुआ। संगठन ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। इसमें कहा गया कि संविधान के अनुच्छेद 21ए के तहत 6 से 14 साल के बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है। उत्तर प्रदेश सरकार का 16 जून, 2025 का आदेश इस अधिकार का उल्लंघन करता है। बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को प्राथमिक विद्यालयों का समीप के विद्यालयों से विलय करने का निर्देश दिया है। संगठन का कहना है कि इससे पिछड़े और वंचित क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर प्रभावित होगा।

साक्षरता दर में गिरावट आएगी। संगठन की 3 प्रमुख मांगें संगठन ने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। 40 हजार प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का फैसला वापस लेने, भूमिहीन गरीबों को खेती के लिए पट्टा देने और बी.ए. पास बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी देने की मांग की गई है। विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी राष्ट्रीय अंबेडकर सेना ने चेतावनी दी है कि अगर स्कूल बंद करने का फैसला वापस नहीं लिया गया तो प्रदेश के विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उनका कहना है कि सरकार को स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और बुनियादी सुविधाएं बेहतर करने पर ध्यान देना चाहिए।

# अवैध हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**पिस्टल और कारतूस बरामद, कई जनपदों में दर्ज हैं मुकदमे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ दो अंतर्जनपदीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। मोहनगंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अपराधियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में वसीम अहमद (27) और नौशाद (22) शामिल हैं। वसीम अहमद शिवरतनगंज क्षेत्र का रहने वाला है। नौशाद मोहनगंज थाना क्षेत्र के मनीमनोहर का निवासी है। तलाशी के दौरान वसीम अहमद से एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक खाली कारतूस बरामद हुआ। नौशाद के पास से दो जिंदा कारतूस मिले। सभी हथियार और कारतूस 32 बोर के हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं। इनके खिलाफ कई जनपदों में चोरी और धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। मोहनगंज पुलिस गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# देवीपाटन मंदिर में जलभराव का मामला

## 1.52 करोड़ के कायाकल्प के बाद भी मंदिर में भरा पानी, व्यापारियों ने की जांच की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में जलभराव का मामला सामने आया है। हुई तेज बारिश के बाद मंदिर परिसर तालाब में तब्दील हो गया। इस घटना के बाद मंदिर में कराए जा रहे कायाकल्प कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी ने व्यापारी नेताओं के साथ एडीएम संजय चौहान से मुलाकात की। उन्होंने शिकायती पत्र सौंपकर मंदिर में हो रहे कार्यों की जांच की मांग की है। गौरीगंज रोड पर स्थित इस शक्तिपीठ का सरकार की वंदन योजना के तहत कायाकल्प किया जा रहा है। इस कार्य के लिए सरकार ने एक करोड़ 52 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की थी। जलभराव की घटना के बाद कई फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार मंदिर में पानी भरा है। गर्भगृह तक नाली का गंदा पानी पहुंच गया। उनका कहना है कि वंदन योजना के तहत हो रहे कार्यों में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। यही कारण है कि मंदिर में जलभराव की स्थिति बनी। व्यापारी नेताओं ने एडीएम अर्पित गुप्ता से उच्च स्तरीय टीम बनाकर जांच कराने की मांग की है। राजा-महाराजाओं द्वारा बनवाया गया यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है।

# शराब पीकर दोस्त ने इलेक्ट्रीशियन को मार डाला

## कूड़े के ढेर में फेंकी लाश, रात भर शव के साथ सोता रहा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, इलेक्ट्रीशियन की हत्या उसके ही दोस्त ने की थी। घटना के दिन दोनों ने साथ बैठकर शराब पी थी, जिसके बाद उनका आपस में विवाद हो गया था। विवाद होने के बाद आरोपी ने इलेक्ट्रीशियन के सिर पर लोहे की रॉड मारी थी, जिसके कारण उसकी मौत हो गई थी। इलेक्ट्रीशियन के मरने के बाद उसका आरोपी दोस्त सरताज उर्फ गुड्डू ने बेड पर लाश को छिपा दिया था और सारी रात वहीं सोता रहा था। जब उसका पिता घर आया तो उसने अपने पिता को सारी बात बताई थी। फिर दोनों लोग लाश को बोरे में भरकर कूड़े के ढ़ेर में फेंक आए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हमदर्द नगर में 25 जून की दोपहर को प्लास्टिक के बोरे में एक अज्ञात शव बरामद हुआ था। कूड़ा बीनने वाले युवक जब कूड़े के ढ़ेर से कचरा प्लास्टिक बिन रहे थे, तो उन्हें बोरे के अंदर शव होने का पता चला था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने की कोशिश की थी, लेकिन पहचान नहीं हो पाई थी। शिनाख्त न होने के कारण पुलिस ने शव को मॉच्युरी में रखवा दिया था और मामले की जांच में जुट गई थी। इसके दो दिन बाद लापता परिवार के लोगों के मिलने पर शव की शिनाख्त हो पाई थी। बन्नादेवी पुलिस 27 जून की रात को मृतक की गली में किसी मामले को लेकर दबिश देने गई थी। यहां मृतक के परिवार ने पुलिस से बात की थी और उसके गायब होने की बात बताई थी। जिसके बाद पुलिस ने परिवार को मॉच्युरी में भेजा था। परिवार के लोग जब मोर्चरी पहुंचे तो उन्होंने शव को पहचान लिया।

# नई पुलिस चौकी का उद्घाटन

## फरह थाना क्षेत्र में रैपुरा जाट में बनी नई चौकी, एसपी सिटी ने फीता काटकर शुभारंभ किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशन में एक नई पुलिस चौकी का निर्माण किया गया। सोमवार की देर शाम एसपी सिटी राजीव कुमार ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। फरह थाना क्षेत्र के रैपुरा जाट में यह नई पुलिस चौकी बनाई गई है।

पहले यह चौकी आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे के किनारे एक छोटे से कमरे में स्थित थी। हाईवे के बिल्कुल पास होने के कारण कई बार वाहन चौकी में घुस गए। इन हादसों में चौकी क्षतिग्रस्त हुई और कई लोग घायल भी हुए। इसे देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हाईवे से कुछ दूरी पर नई चौकी का निर्माण किया गया। एसपी सिटी राजीव कुमार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि चौकी के निर्माण में क्षेत्र के सभी सामाजिक लोगों का सहयोग मिला। उन्होंने क्षेत्र की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अब यहां पुलिस स्टाफ की संख्या भी बढ़ेगी। इससे क्षेत्र में होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ही सामाजिक कार्य पूरे होते हैं। जब जनता का साथ मिलता है तो पुलिस भी बेहतर काम कर पाती है।

# पहलगाम हमले के नाम पर ठगी की कोशिश

## व्यापारी से बोले- तुम्हारे नंबर से आतंकवादियों से बात हुई, वीडियो कॉल की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, साइबर ठगों ने एक व्यापारी को पहलगाम हमले से जोड़कर ठगी का प्रयास किया। हलियापुर के फत्तेपुर निवासी उदयभान सिंह बैटरी रिक्शा बेचने का काम करते हैं। उन्हें एक संदिग्ध फोन आया। कॉलर ने खुद को पहलगाम पुलिस स्टेशन से रंजीत कुमार बताया। उसने आरोप लगाया कि उदयभान के नंबर से 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में आतंकवादियों से बात हुई थी। उदयभान ने जब इस बात से इनकार किया, तो कॉलर ने कहा कि वह कॉल लखनऊ के अधिकारी को ट्रांसफर कर रहा है। इसके बाद दूसरे नंबर से खुद को प्रेम कुमार गौतम बताते हुए किसी ने फोन किया। उसने उदयभान को बंद कमरे में जाने और उसकी बात मानने को कहा। उदयभान पड़ोसी आशीष सिंह के घर गए। आशीष ने उन्हें कमरा तो दिया, लेकिन अंदर से बंद न करने की सलाह दी

# हरे पेड़ों की अवैध कटाई

## जामुन, अर्जुन समेत 7 प्रतिबंधित पेड़ काटे, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, जिले के शिवरतनगंज और इन्हौना क्षेत्र में प्रतिबंधित हरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। यह घटना पर्यावरण संरक्षण के लिए चिंता का विषय बनी हुई है, खासकर तब जब हाल ही में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया है। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के भिखारीपुर गांव में सोमवार की रात अज्ञात वन माफियाओं ने कई हरे-भरे पेड़ों को काट डाला।

सिंहपुर क्षेत्र में एक अर्जुन का पेड़ अवैध रूप से काटा गया, जबकि भिखारीपुर गांव में तीन गूलर, एक नीम और दो जामुन के पेड़ों को काटने की पुष्टि हुई है। यह कटाई भिखारीपुर निवासी मुनेश्वर पासी की बाग में की गई, जो नहर कोठी के पीछे स्थित है। वन विभाग ने दी कार्रवाई की चेतावनी इस पूरे मामले में जब जिला वन अधिकारी (डीएफओ) रणवीर मिश्रा से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी उन्हें प्राप्त हुई है और जांच के उपरांत दोषी लकड़ी ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी